52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 8.6 °c | अधिकतम 16.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:34 | वर्ष : 52/ अंक : 05 रविवार, 05 जनवरी 2025 पौष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

अपनी उर्जा को चिंता करने में खत्म करने से बेहतर है, इसका उपयोग समाधान ढूंढने में किया जाए।

राजनीति का सबसे बड़ा फ्रॉड अब दिल्ली की महिलाओं से भी झूटे वादे कर रहा है : पंजाब कांग्रेस

FRAUD

जिसे तुम फ्रॉड कहते हो... वो फ्रॉडों में भी अव्वल है.....

शाम ढलते ही सड़कों पर उतर रहा कोहरा, दो की गयी जान

मुजफ्फरनगर, 4 जनवरी (बु.)। कड़कड़ाती ठंड ने इंसानों ही नहीं पशु-पक्षियों को भी ठिठुरने को मजबूर कर दिया है। इंसानों के पास तो फिर भी ठिकाना है मगर ठंड से सिकुड़ते पशु पक्षी अपना ठिकाना ढूंढते फिर रहे हैं वहीं ठंड के साथ-साथ कोहरा जानलेवा हो चला है। आपकी जरा सी भी नादानी जीवन पर भारी पड़ रही है। शुक्रवार रात और शनिवार सुबह में कोहरे ने दो जानें ले ली। एक ओर जिसकी सूचना देर रात ही मिल गयी थी मखियाली के पास एक ट्रक ने धर्मेन्द्र नामक युवक को कुचल डाला था, वहीं दूसरी ओर परिवार के ही एक व्यक्ति की अस्थि विसर्जन करने जा रहे मिनी वैन में बैठे परिवार की दुर्घटना के बाद एक महिला की मौत हो गयी। दोनों मौतों का कारण कोहरा ही नजर आया। चूंकि शुक्रवार शाम से ही कोहरे ने सिर्फ हाइवे ही नहीं शहरी क्षेत्रों में ऐसी दस्तक दी कि शाम 8 बजे से ही हर सड़क पर दृश्यता शून्य दिखाई दी। ऐसे में वाहन चालक यदि अपनी रफ्तार कम नहीं करते तो जान गंवाने की नौबत सामने आती दिखाई दी। आने वाले दिनों में भी कोहरे और हाड़ मांस कंपकपा देने वाली ठंड का सितम जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 6 से 10 जनवरी तक पूरब व पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों में बारिश की सम्भावना भी जताई जा रही है। ऐसे में यदि ठण्ड कोहरे के साथ बारिश भी हुई तो आजकल के दिनों की तरह जनजीवन और अधिक अस्त व्यस्त होता दिखाई देगा। शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस व अधिक्तम तापमान 16.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शुक्रवार की रात से ही पूरे देश में लगभग 150 ट्रेनें रद्द कर दी गयी। ऐसे में आने वाले दिनों में मौसम विभाग द्वारा लगातार अलर्ट जारी किया जा रहा है और लोगों को कोहरे के प्रति सजग किया जा रहा है। वाहनों पर रिफ्लेक्टर न लगाने वाले चालकों के लिए भी लगातार चेतावनी दी गयी है और सर्दी से वृद्धों व बच्चों को बचाने की बात भी लगातार डॉक्टर अलग अलग माध्यमों से बता रहे हैं। ऐसे में अभी पूरे माह सर्दी का सितम जिसमें ठंड, कोहरा व बर्फीली हवाएं जारी रहेंगी।

सड़कों पर आवाजाही कम होने के बावजूद भी दिनभर जाम में रेंगते रहे वाहन

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी (बु.)। शनिवार को अव्यवस्थाओं के चलते शहर में दिन भर जाम की स्थिति बनी रही और वाहन रेंगते रहे। ऐसे में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रोजाना की भाति शनिवार को सड़कों पर भीड़ आमतौर पर कम ही रही, मगर दुकानदारों के अतिक्रमण, तो दूसरी तरफ अवैध ई-रिक्शाओं का संचालन के कारण सड़कों पर जाम लगा रहा। ठंड के कारण लोग देर से घरों से निकले, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही वाहनों की आवाजाही काफी बढ़ी हुई थी। ऐसे में नगर के प्रत्येक चौराहे, प्रत्येक सड़क पर जाम की स्थिति शाम तक बनी रही और वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे। यातायात पुलिसकर्मी व्यवस्था संभालने के लिए प्रमुख तिराहे-चौराहे पर मुस्तैद भी रहे। दरअसल, शहर की सड़कों पर अतिक्रमण बहुत अधिक है। ऐसे में सड़कें संकरी हो गई है। वाहनों का दबाव थोड़ा बढ़ता है तो जाम की समस्या बन जाती है। नगर में जाम की समस्या दिन प्रतिदिन गहराती जा रही है। यातायात के बढ़ते दबाव के चलते ट्रैफिक व्यवस्था एकदम पंगु हो जाती है। इसका खामियाजा न सिर्फ राहगीरों व यात्रियों को भुगतना पड़ता है बल्कि नगरवासी भी खासी मुश्किल में पड़ जाते हैं। शनिवार को कुछ ऐसा नजारा दिन भर देखने को मिला। दिन भर यातायात व्यवस्था रेंग कर ही चलती दिखी। ऐसे में नगर के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने में घंटों का समय लगा। आए दिन उत्पन्न हो रही इस जाम की समस्या को लेकर न तो पुलिस महकमा गंभीर हो रहा है और न ही जनप्रतिनिधि। ऐसे में इसका खामियाजा आए दिन लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लगातार बढ़ रहे यातायात के दबाव के बावजूद न तो प्रशासन इसे सुचारु करने पर ध्यान दे रहा है, और न ही जनप्रतिनिधि। जाम को खुलवाने में भी ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को काफी समय लग जाता है। एक वाहन के थोड़े से ठहराव होते आगे पीछे वाहनों का काफिला जमा हो जाता है। इसमें दो पहिया व चार पहिया समेत राहगीर भी मुश्किल में पड़ जाते हैं। यह नजारा आए दिन देखने को मिल रहा है। इसके बाद भी कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। शनिवार को भी दिन भर इसी तरह से यातायात व्यवस्था चलती रही और लोग परेशान होकर मन- ही मन प्रशासन को कोस कर अपने गंतव्य की ओर बढ़ते चले गये।

एक प्लॉट दो मालिक : कब्जा लेने को खूब चली कुर्सियां

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी (बु.)। बुढ़ाना में उस समय अफरा तफरी मच गयी जब एक ही प्लॉट को लेकर दो मालिक खड़े हो गए, जिसमें एक पक्ष पूनम पत्नी बिजेन्द्र तो दूसरा पक्ष नौशाद रहा। दोनों पक्षों में विवाद के चलते प्लॉट पर ही जमकर चली कुर्सियां। बीच बचाव में कूदे पूर्व चेयरमैन, कहा-ईओ करें पूरी जानकारी हासिल।

बुढ़ाना में शुक्रवार की देर शाम दो पक्ष तब आमने सामने आ गए जब एक ही प्लॉट दो लोगों के नाम निकल आया। दरअसल वर्ष 2001 में अनुबंध के तहत कई प्लॉट नगर पंचायत द्वारा कई लोगों के नाम कर दिये गए थे मगर अब 2024 में एक नया विवाद सामने आया, जिसमें नगर पंचायत के इन प्लॉटों पर एक तरफ पूनम पत्नी बिजेन्द्र का नाम मिला वहीं दूसरी ओर यह प्लॉट पहले से ही नौशाद के नाम बताया जाता है। दरअसल नगर पंचायत में ईओ की पहली पोस्टिंग पर आए आलोक रंजन द्वारा उक्त प्लॉट बिजेन्द्र के नाम होना बताया गया जबकि पूर्व में मालिक हो चुके नौशाद की कोई बात ईओ द्वारा सुनी ही नहीं गयी। इस सम्बंध में दोनों पक्ष देर शाम अपना अपना दावा लेकर उक्त प्लॉट पर रास्ते के लिए पहुंचे तो दोनों गुटों में गुत्थम गुत्था हो गयी। बीच बचाव में पुलिस भी आई और पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र त्यागी भी साक्ष्यों के आधार पर बात करने की बात कहते हुए मौके पर पहुंचे और दोनों के बीच बचाव कराया। पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र त्यागी का कहना है कि उक्त मामले में वे पीड़ितों को लेकर ईओ की शिकायत करने और प्लॉट के साक्ष्य दिखाने के लिए स्वयं जिलाधिकारी के पास जाएंगे और हाथों हाथ दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब ईओ को उक्त मामले में की कोई जानकारी ही नहीं है तो उन्हें किसी को कब्जा देने का क्या अधिकार है। कुल मिलाकर फिलहाल गहमा गहमी के बीच पूर्व चेयरमैन ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया मगर फिलहाल पुलिस ने अपनी कार्यवाही करते हुए दोनों पक्षों का चालान कर दिया।

मिठाई खरीदने वाले रजत वर्मा बोले -

ऋषि स्वीट्स के स्वामी का व्यवहार था बेहतर, मैंने दो महीने पहले ही बात खत्म कर दी थी

मुजफ्फरनगर, 4 जनवरी (बु.)। शनिवार को ऋषि स्वीट्स पर उस समय मीडिया का जमावड़ा लग गया जब सोशल मीडिया पर मिठाई में कीड़े होने का एक वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो के बाद स्वयं मिठाई खरीदने वाले रजत वर्मा ऋषि स्वीट्स पर पहुंचे और उन्होंने मीडिया के कैमरे के सामने साफ कह दिया कि जब ऋषि स्वीट्स और मेरे बीच कोई विवाद नहीं है तो वीडियो वायरल करने का तुक ही क्या रह गया। रजत ने बताया कि दो महीने पहले उन्होंने कोई मिठाई खरीदी थी। यदि मिठाई खराब भी चली गयी तो ऋषि स्वीट्स स्वामी ने हाथोंहाथ अच्छा व्यवहार दिखाते हुए अपने स्टाफ की गलती स्वीकार की और मेरे पैसे वापस कर दिये। जब इस बात की मैंने कहीं कोई शिकायत ही नहीं की तो मामले को तूल देने का मतलब ही क्या था? यह मामला उनके और मेरे बीच का था और कभी कभी मिठाई में ही नहीं हमारे घर की दाल, सब्जी में भी कीड़े लग जाते हैं, ऐसे में क्या हम अपने घर के किसी व्यक्ति को दण्डित करते हैं, कह सुनकर बात खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि जब हम दोनों के बीच कोई बात ही नहीं रह गयी तो मैं इसके अलावा कोई बयान देने वाला हूं ही नहीं। इसके बावजूद भी मीडिया की तसल्ली नहीं हुई तो खाद्य विभाग की अधिकारी अर्चना धीरान वहां पहुंची और मिठाई के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिये। मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मिठाई के नमूने में कोई कमी निकलेगी तो दुकान स्वामी उसका जुर्माना अपना आप भुगत लेंगे। पहले नमूनों के रिजल्ट आने का इंतजार करना होगा।

आज भी दिखा तेंदुआ तो सहम गये ग्रामीण

बुढ़ाना, 4 जनवरी (बु.)। वन विभाग की ढिलाई के चलते जहां एक और तेंदुआ अपने परिवार के साथ बैखौफ होकर जंगलों में घूम रहा है, वहीं आसपास के सैकड़ों किसान भी अब काफी चिंता व्यक्त करने लगे हैं और किसी बड़ी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। अजीब बात यह भी है कि पहले किसान अकेला निहत्था ही जंगल में किसी भी समय चला जाता था, लेकिन अब जंगल में तेंदुए की खबर सुनकर और जंगल में उसकी मौजूदगी को देखकर कोई भी किसान अकेला अपने खेतों की ओर नहीं जा रहा है। किसान दर्जनों की संख्या में खेतों में लाठी डंडे और लाइसेंसी हथियारों को लेकर जा रहे हैं। फिर भी किसान डरके इस साये में खेतों में दिलचस्पी से काम नहीं कर पा रहा है। अभी बहुत से किसान ऐसे हैं जिन्होंने खेतों में खड़े अपने गन्ने शुगर मिल या कोल्हूओं में नहीं डाले हैं और गेंहू भी नहीं बोए हैं। पहले किसान रात को भी खेतों पर चला जाता था और खेतों की सिंचाई कर लेता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। शनिवार की सुबह तेंदुआ गांव दुर्गनपुर के निवासी पप्पू पुत्र बदन सिंह के खेत में देखा गया, लेकिन वन विभाग बस खानापूर्ति ही कर रहा है। अब तक तेंदुए के ना पकड़े जाने से किसान किसी बड़ी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं।

अस्थि विसर्जन को जाते समय डिवाइडर से टकराई मिनी बस, महिला की मौत

छपार, 4 जनवरी (बु.)। करनाल से अस्थि कलश लेकर हरिद्वार जा रही 17 सीटर टैम्पो ट्रैम्बर मिनी बस पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर रामपुर तिराहे के पास घने कोहरे के चलते डिवाइडर से जा टकराई, जिससे एक महिला की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन मिनी बस सवार अन्य लोग घायल हो गए। शनिवार सुबह साढ़े 6 बजे के लगभग करनाल का एक परिवार अस्थि कलश लेकर रिस्तेदारों के साथ हरिद्वार जा रहा था। छपार थाना क्षेत्र में रामपुर तिराहे के पास सुबह घने कोहरे के चलते मिनी बस डिवाइडर से जा टकराई। इस दौरान वहां चीख-पुकार मच गई। रामपुर तिराहे पुलिस के कर्मी मौके पर पहुंचे। इस दौरान घायलों को इलाज के लिए भेजा गया, जिसमें सवार 42 वर्षीय महिला मोनिका पत्नी सचिन निवासी एफ ब्लॉक अंसल सिटी पानीपत हरियाणा को चिकित्सकों ने अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया। छपार पुलिस के अनुसार उक्त बस अस्थि कलश लेकर हरिद्वार जा रही थी। परिजन घायलों को इलाज हेतु दूसरे स्थानों पर ले गए, जबकि कुछ लोग अस्थि कलश लेकर हरिद्वार चले गए। घायलों में करनाल के कृष्ण कुमार, नेहा व राजरानी समेत पांच लोग घायल हो गए। वहीं पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया।

गरीब हिन्दू महिला को परेशान कर रहे मुस्लिम, महिला ने किया वीडियो वायरल

मुजफ्फरनगर, 4 जनवरी (बु.)। शाहपुर में मुस्लिमों के मौहल्ले के बीच रहने वाली हिन्दू महिला पड़ोसी मुस्लिमों के उत्पीड़न से इतनी ज्यादा तंग हो चुकी कि उसने थानों, अधिकारियों और नेताओं के चक्कर काट-काटकर थक जाने के बाद अपना वीडियो वायरल किया। उक्त वीडियो जैसे ही बघरा के यशवीर महाराज के पास पहुंचा तो उन्होंने फिर इस मौहल्ले में धरना देने का ऐलान कर दिया। महिला ने साफ तौर पर बताया कि उसके पड़ौसी मुस्लिम कभी उसकी दीवार की ईंटे तोड़कर उसमें गुम्बल कर देते हैं तो कभी अपने ऊंचे मकान से नाली उसके मकान में खोल देते हैं। पड़ोसियों का उद्देश्य यह है कि उक्त गरीब हिन्दू महिला किसी तरह मकान छोड़कर चली जाए या फिर धर्मान्तरण कर ले। इसी उद्देश्य से उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। महिला का कहना है कि दो मुस्लिम परिवार यहां अवैध रूप से निर्माण कार्य कर रहे हैं, जोकि तुरन्त रोके जाएं तथा आकर पूरे मामले की जांच की जाए। महिला का कहना है कि नियम व शर्तों के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में कोई भी मकान ढाई मंजिला से ऊपर नहीं बन सकता, जबकि पड़ोसी मुस्लिमों ने चार मंजिला मकान बना लिया है। ऐसे में नियम कानून की धाराओं के अन्तर्गत उक्त लोगों पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए। इस मामले में यशवीर महाराज ने प्रशासन को सात दिन का समय दिया है कि वे इस मामले की जांच स्वयं कर लें, ना की स्थिति में वे खुद जाकर मुस्लिम मौहल्ले में धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसका जिम्मेदार स्वयं मुस्लिम समाज व प्रशासन होगा।

अलाव की आग में जिंदा जला दिव्यांग

शाहपुर, 4 जनवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव बसधाड़ा में अपने घर में ठंड से बचने के लिए आग ताप रहे 26 वर्षीय दिव्यांग की जलने से दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम पर भेज दिया। क्षेत्र के गांव बसधाड़ा निवासी राजवीर का 26 वर्षीय पुत्र कपिल शारीरिक व मानसिक रूप से दिव्यांग था। वह शुक्रवार को दोपहर अपने घर मे चारपाई पर बैठा था। उसे ठंड से बचाने के लिए उसके परिजनों ने कपिल की चारपाई के पास तसले में आग जलाकर रखी थी। चारपाई में आग लगने से दिव्यांग बुरी तरह से झुलस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के समय परिजन घर पर मौजूद नहीं। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जानकारी करने पर पता चला कि कपिल दिव्यांग था। जिसे बोलने व सुनने में असमर्थ था। शारीरिक रूप से हाथ व पैरों में दिव्यांगता थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम पर भेज दिया। 26 वर्षीय दिव्यांग कपिल की जलकर दर्दनाक मौत से घर मे कोहराम गया।

जम्मू-कश्मीरः एनआईए ने लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर, 4 जनवरी (वार्ता) राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में 2023 में कोकेरनाग मुठभेड़ से संबंधित एक मामले में एक मुख्य आरोपी की संपत्ति कुर्क की। इसमे सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की मौत हो गयी थी। दिसंबर 2023 में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी से जुड़े मुठभेड़ की जांच एनआईए को सौंप दी गई थी। मुठभेड़ 13 सितंबर, 2023 की रात को शुरू हुई जब वरिष्ठ अधिकारी कोकेरनाग के गडोले जंगल में संदिग्ध ठिकाने के पास पहुंचते ही भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए।

बुढ़ाना तहसील परिसर में देर रात चलता मिला अवैध निर्माण

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी (बु.)। बुढ़ाना तहसील परिसर में देर रात के अंधेरे में अवैध निर्माण कार्य चलता मिला। उक्त कार्य के लिए जिस चैम्बर से विद्युत तारें ली गयी उसकी तस्वीरे सामने आने के बाद अवैध निर्माण कार्य का पता चला, तो तहसील के लोगों ने इसकी सूचना अधिकारियों को देनी चाही। वरिष्ठ अधिकारियों ने फोन नहीं उठाया तो एक कनिष्ट अधिकारी ने बताया कि तुरन्त इस कार्य को रूकवाया जा रहा है। मगर बड़ी बात यह है कि रात के अंधेरे में अवैध निर्माण कार्य किसके कहने पर चल रहा था, क्योंकि इतनी रात को बिना की शह के ना तो किसी चैम्बर से बिजली मिलती है और ना ही कोई कार्य होता है। कुल मिलाकर यह बात तो अभी साफ नहीं हो पायी कि उक्त कार्य किसके कहने पर हो रहा था, मगर यह तस्वीर साफ है कि इस अनैतिक कार्य को अंजाम दिया जा रहा था।



GOLDEN PUBLIC SCHOOL
Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSIONS OPEN 2025 -26
PLAY TO IX & XI (Science, Commerce & Humanities)

"THE FUTURE OF YOUR CHILD BEGINS HERE"
- Safe and Secure CCTV Campus, Lush Green & Pollution Free Environment
- Truly Dedicated, Committed and Trained Teachers
- 100% Board Result of Class X and XII
- Focus on Effective Communication Skills
- Participation of Students in Olympiads, Interschool, State, National and International (Model United Nations) Events
- Transport Available on All Routes

• NO ADMISSION FEE FOR CLASSES PLAY TO VI
• SIBLING DISCOUNT

Registration forms are available for admission on all working days between 10:00 am to 03:00 pm
PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Email: golden.publicmzn@gmail.com | Talk with us: 0131-2413427, +91 9997589620
Website: www.gpsmzn.in | goldenpublicschoolmuzaffarnagar

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 04 जनवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 05 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं प्रकार है। 1592-भारत का मुगल बादशाह शाहजहाँ का जन्म। 1659-खाजवाह की लड़ाई में औरंगजेब ने शाह शुजा को हराया। 1671-छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों से सल्हर क्षेत्र को अपने कब्जे में किया। 1890-अपने समय के जानेमाने अधिवक्ता ज्ञानेन्द्र मोहन टैगोर का निधन। 1893-भारतीय धर्मगुरु परमहंस योगानन्द का जन्म। 1900-आयरलैंड के राष्ट्रवादी नेता जॉन एडवर्ड रेडमोंड ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया। 1941-प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी मंसूर अली खान पटौदी का जन्म। 1955-पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का जन्म। 1957-केंद्रीय ब्रिकी कर अधिनियम प्रभाव में आया। 1970-चीन के यून्नान प्रांत में रिक्टर पैमाने पर 7.7 तीव्रता वाले भूकंप से 15000 लोगों की मौत। 1982-हिन्दी फि ल्म संगीतकार, गायक और निमार्ता-निर्देशक सी. रामचन्द्र का निधन। 1986-भारतीय मॉडल और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का जन्म। 1990-भारतीय फि ल्म निर्देशक तथा निमार्ता रमेश बहल का निधन। 1993-करीब 85,000 टन कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर शेटलैंड द्वीप के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 1994-भारतीय महिला निशानेबाज अंजुम मौदगिल का जन्म। 1999-विक्टर जॉय वे पेरू के प्रधानमंत्री मनोनीत किये गए। आस्ट्रेलिया के कप्तान मार्क टेलर द्वारा 157 कैच पकड़कर विश्व रिकार्ड की स्थापना। 2002-दक्षेस शिखर सम्मेलन काठमाण्डू में शुरू, उद्घाटन सत्र में पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने भारत के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाया पर भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा- 'भरोसे के लायक नहीं।' 2003-अल्जीरिया में विद्रोहियों के हमले में 43 सैनिक मरे। 2006-भारत और नेपाल ने पारगमन संधि की अवधि को 3 महीने के लिए बढ़ाया। 2007-तंजानिया की विदेश मंत्री आशा रोज मिगरो संयुक्त राष्ट्र की उपमहासचिव नियुक्त। 2008-यूरोपीय संघ ने पाकिस्तान में चुनाव पर्यवेक्षण अभियान पूर्णरूप से शुरू किया। 2009-नेशनल कॉफेंस के अध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1470, रसकट ढैया 1240-1255, चाकू 1450-1700, लड्डू 1600-1680, खुरपापाड़ 1500-1555, शक्कर मसाला 1600-1625। आमद- 5000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	79150	चांदी-	89400
सिक्का-	10500	गिन्नी-	59200

आपका आज का राशिफल

रविवार, 05 जनवरी, 2024

मेष- आज दिन 2/35 बजे तक योजना साकार होने की ओर, इच्छित पद की प्राप्ति, धनागम भी, शेष समय कष्टकर, स्वास्थ्य विपरीत, साझेदारी के व्यापार में हानि।

वृषभ- स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, जीवन साथी से सहयोग, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, सुख के साधन सुलभ।

मिथुन- उन्नति का सुअवसर, मनोरंजन की ओर रुझान, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, धन लाभ का मार्ग प्रशस्त, यात्रा सुयोग, प्रसन्न।

कर्क- आज दिन 2/35 बजे तक लाभ का मार्ग अवरुद्ध, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, शेष समय उन्नतिकारक, सम्बन्धों में मधुरता, आर्थिक उन्नति, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

सिंह- आज दिन 2/35 बजे तक कुछेक कार्य बनने से खुशी, कठिनाइयों में कमी का एहसास, वाहन से सुख, शेष समय व्यापारिक प्रगति में बाधा, द्रव्य की क्षति।

कन्या- योजना साकार होने की ओर, आनन्द की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, अध्यात्म में आस्था, आश्वासनों से मानसिक राहत।

तुला- चिरवांछित कार्यों में सफलता, पारिवारिक वातावरण में सुख-शांति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, उत्तरदायित्व के निभाने हेतु व्यय, धनागम का सुअवसर।

वृश्चिक- आज दिन 2/35 बजे तक समय असंतोषजनक, लाभ में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात, विवाद भी, शेष समय में मित्रों से गलतफहमी दूर होने को, हर्ष भी।

धनु- आज दिन 2/35 तक समय बेहतर, आत्मबल से कार्यसिद्धि, व्यापार में लाभ, शेष समय प्रतिकूल, हानि, विवाद एवं भाग्य में उलझनें सम्भव, सजगता जरूरी।

मकर- समय बेहतर मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में मांगलिक आयोजन सम्पन्न, पारिवारिक खुशी, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आमोद प्रमोद में रुचि।

कुम्भ- दिनमान अनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, मित्रों-परिजनों से अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति, विरोधी पराभूत, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

मीन- आज दिन 2/35 बजे तक प्रतिकूलता, मित्रों-स्वजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, शेष समय सफलता में सहायक, लाभ का मार्ग प्रशस्त, धर्म अध्यात्म में आस्था।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वृद्ध को गोद में लेकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे परिजन, एडीएम को सुनाई अपनी फरियाद

दिव्यांग किसान वीरेन्द्र के खेत की डोल बार-बार तोड़ रहा महबूब

खतौली, 4 जनवरी (बु.)। वृद्ध व्यक्ति को गोद में लेकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे परिजनों ने उनके खेत की डोल बार-बार तोड़ने की शिकायत करने के बाद भी अफसरों या पुलिस के द्वारा कोई भी कार्यवाही आरोपियों के खिलाफ नहीं किये जाने पर दुख व्यक्त किया है। इस दौरान परिजनों की गोद में अफसरों के दरवाजे तक पहुंचे दिव्यांग किसान ने कार्यवाही न होने पर आत्महत्या की चेतावनी दे डाली।मिली जानकारी के अनुसार गांव अम्बरपुर निवासी वीरेन्द्र पुत्र शोभाराम ने बताया कि गांव में उनकी खेती की जमीन के निकट महबूब आलम आदि का कृषि चक है। महबूब आए दिन उनके खेत की डोल तोड़कर खुर्द-बुर्द कर देता है, जिस कारण उसकी फसल नष्ट हो जाती है। डोल काटने का विरोध करने पर महबूब उसे अपनी जमीन बेच देने का दबाव बनाते हुए धमकी देता है। पीड़ित वीरेन्द्र ने बताया कि वह विकलांग व्यक्ति है। पीड़ित ने शिकायत पर तत्काल कार्यवाही की गुहार की और कार्यवाही न होने पर आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। समाधान दिवस में मौजूद एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र सिंह ने शिकायत पर तत्काल कार्यवाही के आदेश तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता को दिये।

खेती की जमीन पर हुए कब्जे से परेशान युवक ने दी आत्महत्या करने की चेतावनी, अफसरों में मची खलबली

खतौली, 4 जनवरी (बु.)। खेती की जमीन पर अवैध कब्जा कर प्लॉटिंग किये जाने पर सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे फरियादी भूमि स्वामी ने न्याय न मिलने पर आत्महत्या करने की चेतावनी देने से अधिकारियों में खलबली मच गयी।
मिली जानकारी के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील पहुंचे नगर के मौहल्ला सैनी नगर निवासी अर्जुन सैनी पुत्र भगवा सहाय ने अपना शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके पिता भगवान सहाय के नाम से नगर क्षेत्र के सफेदा बाइपास मार्ग शुगर मिल क्षेत्र में खेती की दो टुकड़ों की जमीन है, जिसके पश्चिम क्षेत्र में कुछ अज्ञात दबंगों ने कब्जा का प्लॉटिंग का अवैध निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया है, जबकि यह जमीन अभी आबादी में घोषित नहीं है तथा न ही विकास प्राधिकरण द्वारा भवन निर्माण हेतु कोई अनुमति भी नहीं दी गयी है, परन्तु खेद का विषय है कि इसके पश्चात भी धड़ल्ले से भूमि पर निर्माण कार्य चल रहा है। पीड़ित का आरोप है कि पूर्व में कई बार शिकायत किये जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। पीड़ित ने उसके पिता की भूमि की पैमाइश कराकर भू माफियाओं से खेती की जमीन कब्जा मुक्त कराये जाने की गुहार की है। पीड़ित ने इस दौरान आंखों में भरे आसुंओं के दौरान शीघ्र न्याय न मिलने पर तहसील प्रांगण में आत्महत्या करने की चेतावनी दी। समाधान दिवस में उपस्थित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने पीड़ित की पीड़ा को ध्यानपूर्वक सुनते हुए प्रकरण की जांच कराकर न्याय दिलवाये जाने का आश्वासन दिया।

शाहपुर पुलिस ने मुठभेड़ में दो ट्रांसफॉर्मर चोरों को पीतल चखाया

आरोपी से अवैध असलाह एवं मोटरसाइकिल बरामद

शाहपुर, 4 जनवरी (बु.)। थाना पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में ट्रांसफॉर्मर चोरी करने वाले दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए । पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध असलाह व एक बाइक बरामद की है।
सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि शाहपुर कस्बा पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी शुक्रवार की रात सोरम गेट नंबर दो के पास कसेरवा पुलिया पर चैकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कसेरवा राजबाहे पुलिया के पास स्थित एक नलकूप पर दो बदमाश मौजूद हैं, जो किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्यवाही में दो बदमाश घायल हो गए । उन्होंने बताया कि घायल बदमाश अरविंद पुत्र प्रकाश निवासी गांव बिराल थाना बुढ़ाना व राजेश पुत्र राजपाल निवासी गांव भभीसा थाना कांधला जनपद शामली है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बाइक के अलावा अवैध तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि घायल दोनों आरोपी शातिर चोर हैं। घायल बदमाश अरविंद के विरुद्ध विभिन्न थानों में 15 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि दूसरे घायल आरोपी राजेश के विरुद्ध विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

बुढ़ाना तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में आई 31 शिकायतें, एडीएम प्रशासन ने दिए निस्तारण के निर्देश

बुढ़ाना, 4 जनवरी (बु.)। तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन बुढ़ाना के सभागार में शनिवार के दिन संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 31 शिकायतें ही आई।
किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। सभी शिकायतों को एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने बड़े ही ध्यान से सुनी और उनको प्राथमिकता के आधार पर 10 दिनों में निपटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। यहां बुढ़ाना के मौहल्ला मिर्दगान की पूनम वर्मा ने बताया कि उन्होंने एक प्लाट आनंद वर्मा पुत्र नन्हे निवासी बुढ़ाना से खरीदा था। जो नगर पंचायत बुढ़ाना ने आवंटित किया था। उसने एसडीएम व नगर पंचायत ईओ से नापतौल कराकर अपना प्लाट लिखित में नगर पंचायत से चिह्नत करा लिया था। अब उक्त प्लाट पर नौशाद निवासी बुढ़ाना अवैध कब्जा कर उस पर निर्माण कार्य करने में रुकावट पैदा कर रहा है। मामला दो सम्प्रदायों से जुड़ा होने के कारण एसडीएम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। फरजू निवासी कसेरवा ने बताया कि उसकी भूमि गांव में है। जिसके बराबर में सरकारी चकरोड़ है। इस चकरोड़ को गांव के मेहर इलाही ने काटकर अपने चकों में मिला रखी है, जिससे आने जाने वाले किसानों का रास्ता बन्द हो गया है। यहां पर एसडीएम राजकुमार भारती, सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह, सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अर्जुन सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र और बुढ़ाना नगर पंचायत के लिपिक सतीश पंवार सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

खतौली, 4 जनवरी (बु.)। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नगर क्षेत्र की अस्थाई गौ आश्रयों का निरीक्षण का आवश्यक निर्देश दिये। मिली जानकारी के अनुसार मुख्य पशु चिकित्सा अधिकरी डॉ. जितेन्द्र गुपता के निर्देशन में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी खतौली डॉ. राहुल कुमार अग्रवाल द्वारा नगर क्षेत्र के गांव तिंगाई, गंगदाहड़ी आदि में अस्थाई गौशालाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गौशालाओं की साफ-सफाई, चारा, पेयजल आदि व्यवस्थाओं सहित गौवंशों के लिए उपलब्ध खल चोकर के स्टॉक की जांच पड़ताल करते हुए गौवंशों के स्वास्थ्य व सर्दी से बचाव आदि के सम्बंध में निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त पशु चिकित्सा अधिकारी बडसू डॉ. अमिशी द्वारा गांव समौली स्थित गौवंश आश्रम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा गौवंशों को लेकर उनके द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किये गए तथा गौवंशों को आवश्यकतानुसार समुचित उपचार व दवाईयां उपलब्ध कराये जाने पर बल दिया।

अधिकारियों की लापरवाही से हुई बैल की मौत, ग्रामीणों में पनपा गहरा आक्रोश

बुढ़ाना, 4 जनवरी (बु.)। गांव हुसैनाबाद भनवाड़ा में शनिवार के दिन प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी से एक बैल की मौत हो गयी, जिसको लेकर ग्रामीणों में अधिकारियों के प्रति भारी रोष है।
मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव हुसैनाबाद भनवाड़ा के कुछ ग्रामीणों ने बुढ़ाना एसडीएम को एक प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें बताया गया था कि उनके गांव में काफी दिनों से सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई का कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा गांव में पानी की निकासी नहीं होने की वजह से जगह जगह जलभराव की स्थिति बन गयी है। इसके अलावा और भी कई समस्याएं हैं, जिनका बिल्कुल भी निस्तारण नहीं हो पा रहा है। तब एसडीएम ने इस मामले में बीडीओ बुढ़ाना सतीश कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे लेकिन बीडीओ ने अब तक भी गांव में कोई भी दौरा करना मुनासिब नहीं समझा। जिसके चलते आज शनिवार के दिन गांव में जल भराव के चलते एक किसान के बैल की मौत हो गई है। जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष फैल गया। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों को कोसते हुए कहा कि वे कागजों में ही समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, जबकि समस्याओं का हल बिल्कुल भी नहीं हो रहा है। बैल की मौत पर ग्रामीणों में रोष है।

प्रयागराज पहुंचे डीजीपी प्रशांत कुमार ने मेले की तैयारियों का लिया जायजा

प्रयागराज, 04 जनवरी (एजेंसी)। यूपी के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ मेले की तैयारियों के लिए जाते समय वह अचानक सिविल लाइंस थाने पहुंच गए। थाने का निरीक्षण करने के बाद वह महाकुंभ मेला क्षेत्र में किला घाट पर पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही जल पुलिस और मोटर बोट के माध्यम से चौकसी बरतने का निर्देस दिया। डीजीपी ने मेला क्षेत्र में बनाए गए मेला एसएसपी के अस्थायी कुंभ कार्यालय का भी उद्घाटन किया। बोट से संगम नोज का निरीक्षण किया। इसके बाद एटीएस की तैयारियों को देखा। डीजीपी ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि महाकुंभ में पूरी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सारे मेले क्षेत्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। सभी विभागों के समन्वय से कार्य चल रहा है। हमने महाकुंभ के दौरान 40 से 50 करोड़ लोगों के स्नान कराने और गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की जिम्मेदारी ली है।

पीएम मोदी ने किया ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने कहा-'जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है'

नई दिल्ली, 04 जनवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'साल 2025 की शुरूआत में ग्रामीण भारत महोत्सव का भव्य आयोजन भारत की विकास यात्रा को दर्शा रहा है। इसके आयोजन के लिए नबार्ड और अन्य सहयोगियों को बधाई।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आज गांवों के लाखों घरों को पीने का साफ पानी मिल रहा है। लोगों को डेढ़ लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। आज डिजिटल तकनीक की मदद से बेहतरीन डॉक्टर और अस्पताल भी गांवों से कनेक्ट हो रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी है कि आर्थिक नीतियां गांव के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई जाएं। बीते 10 वर्षों में हमारी सरकार ने ये काम किया है। दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने पीएम फसल योजना को एक साल और बढ़ाने को मंजूरी दी है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए देश को किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते 10 वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। हमने बीते 10 वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली को बढ़ाया है। हमने स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिनके जरिए गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। आज गांव के युवाओं को मुद्रा योजना, स्टार्टएप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए मदद की जा रही है। किसानों को फसलों का सही दाम मिले, इसके लिए साल 2021 में अलग मंत्रालय का गठन किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि 'हाल ही में एक अहम सर्वे हुआ है, जिसमें पता चला कि साल 2011 की तुलना में अब ग्रामीणों की क्रय शक्ति करीब तीन गुना बढ़ गई है। अब गांव के लोग पहले की तुलना में ज्यादा खर्च कर रहे हैं। आजादी के बाद देश के ग्रामीण खाने पर 50 प्रतिशत आमदनी खर्च कर रहे थे। यह पहली बार है कि यह दर 50 फीसदी तक घट गई है।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'पूर्व की सरकारों ने दलितों, जनजातियों और पिछड़े वर्ग के लोगों की परेशानियों पर ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते गांवों से पलायन हुआ और गरीबी बढ़ी। गांवों और शहरों में लगातार अंतर बढ़ रहा है। 'जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है'। जिन इलाकों को विकास से वंचित रखा गया, अब वहां समान अधिकार मिल रहे हैं। कल ही स्टेट बैंक ने रिपोर्ट जारी की है, जिसके अनुसार, साल 2012 में भारत में ग्रामीण इलाकों में गरीबी 26 प्रतिशत थी, लेकिन 2024 में यह घटकर पांच प्रतिशत से भी कम रह गई है।' ग्रामीण भारत महोत्सव का आयोजन 4 जनवरी से लेकर 9 जनवरी तक होगा और इसकी थीम 'विकसित भारत 2047 के लिए एक लचीले ग्रामीण भारत का निर्माण' रखी गई है। इस महोत्सव के दौरान ग्रामीण भारत की उद्यमशीलता की भावना और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया जाएगा।

लेखपाल को झूठा फंसाने पर लेखपालों ने दिया धरना

बुढ़ाना, 4 जनवरी (बु.)। लेखपालों ने बुढ़ाना तहसील परिसर में धरना देकर लेखपालों को झूठा फंसाने का विरोध जताकर एसडीएम को ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की।
ज्ञापन में बताया गया कि बीते 2 जनवरी को गाजीपुर की तहसील कासिमाबाद में लेखपाल के साथ जबरन ट्रैप की घटना हुई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से स्पष्ट हो रहा है कि लेखपाल शिकायतकर्ता के गाँव से कई किलोमीटर दूर, दूसरे गाँव में कई ग्रामीणों की मौजूदगी में पैमाईश कर रहा था। इस मध्य शिकायतकर्ता ने आकर लेखपाल की जेब में पैसा डाल दिया, जिसे लेखपाल ने गुस्से होकर बाहर निकालकर फेंक दिया। उन्होंने सवाल उठाए कि क्या उक्त लेखपाल के विरुद्ध पूर्व में भी अन्य कोई भ्रष्टाचार की शिकायतें कार्यवाही हुई हैं, जिनके आधार पर उसे भ्रष्ट प्रवृत्ति का कर्मचारी मानकर ट्रैप की कार्यवाही हो रही है। शिकायत में उल्लेखित कार्य लेखपाल दायित्व से संबंधित है या उच्चाधिकारी न्यायालय से संबंधित है। यदि शिकायतकर्ता का कार्य लेखपाल दायित्वों के बावजूद शिकायतकर्ता लेखपाल से कार्य कराने का विधि विरुद्ध प्रयास करता है, तो रिश्वत देने के प्रयास में उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो। किसी दलाल द्वारा ऐसे रिश्वत लेने के आधार पर लेखपाल को अरेस्ट करने पर रोक लगे। पूर्व में भी प्रमुख सचिव गृह को मिलकर अनुरोध किया जा चुका है, किन्तु फर्जी ट्रैप की घटनाओं पर रोक नहीं लग रही। ऐसे माहौल में कर्मचारी सही कार्य करने से डर रहा है। फर्जी ट्रैपिंग की घटना से लेखपाल गुस्से मे हैं। इसलिए उक्त तथ्यों के आधार पर एंटी करप्शन विजिलेन्स विभाग को निर्देश दें कि वे जांच करें, फिर कार्यवाही करें।

कोहरे का कहर, दोपहर तक भी मंद गति से चलते रहे वाहन

बुढ़ाना, 4 जनवरी (बु.)। कस्बे और क्षेत्र में शनिवार को पूरे दिन कड़ाके की ठंड रही। दोपहर तक भी घना कोहरा छाया रहा। इसकी वजह से विजिबिलिटी काफी कम हो गई। पूरा वातावरण कोहरे की चादर में लिपटा हुआ दिखाई दिया। वाहन लाइट जलाकर सड़कों पर रेंगते हुए दिखाई दिए। सर्द हवाओं से लोगों का हाल बेहाल है। इससे सामान्य दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। आज तापमान में और गिरावट आई है। लोग सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा ले रहे हैं। प्रशासन और बुढ़ाना नगर पंचायत ने असहाय लोगों को रैन बसेरों में ठहराया और मुख्य चौराहों और तिराहों पर अलाव के लिए लकड़ियों की व्यवस्था कराई। सुबह के समय कस्बे के विभिन्न इलाकों में लोग अलाव तापते नजर आए। बाजारों में लोगों की आवाजाही काफी कम रही। लोग मजबूरी में ही घरों से बाहर निकले। पूरा जनजीवन भीषण शीतलहर में ठिठुरता हुआ दिखाई दिया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी गलन भरी सर्दी में और इजाफा होगा और घना कोहरा भी छाएगा। दूसरी और बुढ़ाना नगर पंचायत के कर्मचारियों ने पूरे कस्बे में घूमकर यह देखा कि कोई बेसहारा व्यक्ति खुले आसमान के नीचे घूम फिर तो नहीं रहा, ताकि उसको रैन बसेरे में पहुंचाकर राहत दी जा सके।

एक हफ्ते की भागदौड़ में मालिक को मिल गई गली से चोरी हुई कार

बुढ़ाना, 4 जनवरी (बु.)। एक सप्ताह पहले चोरी हुई कार उसके मालिक को मिल गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला नई बस्ती निवासी आस मोहम्मद अब्बासी पुत्र अल्लाबंदा अपनी सफेद रंग की ईको कार संख्या डीएल 1 सीवी 2086 को बीती 29 दिसम्बर की रात में घर के बाहर खड़ी करके घर चला गया था। वह उस रात नई दिल्ली से अपने घर आया था। उसने उसी रात कार को बुढ़ाना कस्बे में कांधला रोड पर स्थित कॉरपोरेशन बैंक की तरफ अपने घर के समीप खड़ी कर दी थी और सामने गली में अपने घर चला गया था। उसको उसी दौरान तेज बुखार भी चढ़ा हुआ था। अगले दिन जब वह कार लेने आया, तो उसकी कार वहां से गायब थी। उसने अपनी कार को पहले तो उधर-उधर तलाश की, लेकिन बाद में आसपास लगे कैमरे की फुटेज में उसकी कार को एक अज्ञात व्यक्ति कांधला रोड की ओर ले जाता हुआ दिखाई दिया था। पहले तो उसने गली के भी चक्कर काटे थे। कार चालक ने घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी थी, तो पुलिस में हड़कंप मच गया था। अब खबर मिली है कि चोरी हुई कार आस मोहम्मद को मिल गयी है। कार कहां से मिली कैसे मिली इसका पता नहीं लग पाया था।

अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशियों को देश से बाहर करेगी सरकार, दो बच्चे भी हैं शामिल

नई दिल्ली, 04 जनवरी (एजेंसी)। द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को पहचान कर उन्हें निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों में दो बच्चे शामिल हैं।
सभी उत्तम नगर इलाके में रह रहे थे। द्वारका जिला पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करने के अभियान के तहत पांच सौ संदिग्धों की पहचान की है। पुलिस टीम असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, झारखंड आदि सीमावर्ती राज्यों में इनके दिए कागजातों को सत्यापित कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल के निदेर्शानुसार द्वारका जिला पुलिस द्वारका जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करने में जुटी है। निरीक्षक विश्वेंद्र ढाका के नेतृत्व में जिला की स्पेशल स्टाफ की टीम ने इनकी पहचान के लिए कई तरह की रणनीति अपनाई। टीम ने संदिग्ध अवैध प्रवासियों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए मुखबिरों, स्थानीय निवासियों और अन्य स्रोतों को सक्रिय किया। टीम ने झुग्गी-झोपड़ियों, श्रमिक शिविरों और अनधिकृत कॉलोनियों में सत्यापन अभियान चलाए। इन अभियानों में लोगों के दस्तावेजों की जांच की गई। एक जनवरी को पुलिस को उत्तम नगर में कुछ बांग्लादेशी नागरिकों के मौजूदगी की सूचना मिली। पुलिस की टीम ने उत्तम नगर के काली बस्ती में छापेमारी कर पांच बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। इनकी पहचान मोहम्मद शाहिद, नजरुल शेख और एक महिला और 02 बच्चों के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वह बांग्लादेश से अवैध रूप से पलायन कर भारत आए थे। आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच करने पर इनकी बांग्लादेश की नागरिकता के बारे में पुष्टि हुई। सभी बागेरहाट बांग्लादेश के रहने वाले हैं। पुलिस टीम ने सभी को आरके पुरम स्थित विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय में पेश किया। जहां से सभी को इंद्रलोक स्थित हिरासत केंद्र में भेज दिया गया है। जहां से उन्हें निर्वासित करने की प्रक्रिया की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि द्वारका जिला पुलिस अवैध रूप से रहने वाले विदेशी नागरिकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर
अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–14/ई0ई0/2024–25

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहरबन्द निविदायें सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 09.01.2025 की दोपहर 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जिन्हें दिनांक 09.01.2025 की अपरान्ह 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में मुख्य अभियन्ता (गंगा) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, मेरठ द्वारा निर्धारित की गयी समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.01.2025 से कार्यालय समय में दिनांक 09.01.2025 की अपरान्ह 12.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर मुजफ्फरनगर एवं सहायक अभियन्त उपखण्ड प्रथम, रूडकी, मुजफ्फरनगर खण्ड गं

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए पहल

संभल सहित अन्य स्थानों पर मस्जिदों में मन्दिर के मामलों में एक मुस्लिम संगठन ने एक बयान दिया है, जिसे वास्तव में साम्प्रदायिक सौहार्द के रूप में देखा जा रहा है। इस बयान को गंगा-जमनी तहजीब की मिसाल भी कहा जा रहा है। यह पहला बयान है, जो मोहब्बत का पैगाम दे रहा है। यह बयान निकृष्ट राजनीति से अलग है। साम्प्रदायिक सौहार्द का अर्थ ही यही है कि सभी सम्प्रदाय अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार पूजन इबादत करें तथा अन्य मान्यताओं को मानने वालों की मान्यताओं का सम्मान करते हुए प्रेम और मित्रता से व्यवहार करें। इसी तरह की विचारधारा को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने प्रकट किया है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने नयी दिल्ली में एक बड़ा बयान दिया है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने देश के सभी मुसलमानों से अपील की कि संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा राष्ट्रहित में 142 करोड़ लोगों को लेकर दिए बयान का सम्मान करते हुए, मुसलमानों को भी बड़ा दिल दिखाना चाहिए और भारत को विकास के रास्ते पर ले जाने का संकल्प लेना चाहिए। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक और मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने कहा कि देश की अदालतें सर्वोपरि हैं, लेकिन विवादित धर्मस्थलों का हल संवाद के जरिए निकाला जाना चाहिए। इससे देश की एकता, अखंडता, सौहार्द, भाईचारा और मेल-मिलाप बना रहता है, आपसी रंजिशें नहीं रहती हैं। अतः मंच का आह्वान है कि जहां कहीं भी दो पक्षों के बीच अदालत में झगड़ा चल रहा है, वहां दोनों पक्ष आपसी संवाद कर ₹आउट ऑफ कोर्ट सेटलमेंट₹ करें, तो यह किसी भी समाज के लिए बेहतर होगा। मंच के राष्ट्रीय संयोजक मंडल ने ऐलान किया कि संवाद के जरिए हिंदुओं की ऐतिहासिक इबादतगाहों को पुनर्स्थापित करते हुए काशी, मथुरा और सम्भल जैसी जगहों पर बने विवादित ढांचों को हिंदू समुदाय को संवाद के माध्यम से सौंपने का समर्थन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, मंच ने कहा कि ऐसी मस्जिदें जहां किसी कारणवश नमाज नहीं हो रही हो या जो वीरान पड़ी हों, उन मस्जिदों को मुसलमानों को सौंपा जाए, ताकि वे उन्हें पुनः स्थापित कर आबाद कर सकें। मंच ने इस्लामिक सिद्धांतों के आधार पर यह साफ किया कि बुतपरस्ती यानी मूर्ति पूजा की इजाजत इस्लाम में नहीं है, जिन मस्जिदों में टूटी हुई मूर्तियां पाई गई हैं या जिन स्थानों पर मंदिर होने के ऐतिहासिक, सामाजिक या प्रत्यक्ष प्रमाण हैं, वहां नमाज पढ़ना इस्लामिक उसूलों के खिलाफ है और यह नमाज के हिसाब से जायज नहीं है। ऐसी जगह नमाज कबूल नहीं होती। मंच ने कुरान और हदीस का हवाला देते हुए कहा कि जबरन कब्जा की गई भूमि पर मस्जिद बनाना इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है। लखनऊ की बैठक पर चर्चा और एजेंडा तय करने के लिए मंच की ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 20 राज्यों और 6 यूनियन टेरीटरी मिलाकर 70 स्थानों से मंच की बैठक में लोग जुड़े। बैठक की अध्यक्षता मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने की, जिसमें देश भर के कई छोटे-बड़े मुस्लिम संगठनों और उनके नेताओं ने शिरकत की। इस बैठक में महिला बुद्धिजीवी ग्रुप, सूफी शाह मलंग संगठन, युवा शिक्षा एवं मदरसा संस्थान, विश्व शांति परिषद, भारत फर्स्ट, हिंदुस्तान फर्स्ट हिंदुस्तानी बेस्ट, गौसेवा समिति, पर्यावरण एवं जनजीवन सुरक्षा संस्थान, जमीयत हिमायतुल इस्लाम, कश्मीरी तहफ्फुज ऑर्गनाइजेशन और कश्मीर सेवा संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंच के सभी राष्ट्रीय संयोजक, प्रांत संयोजक और सह संयोजकों ने इस बैठक में भाग लिया और मंच के प्रस्तावों का समर्थन किया। सभी वक्ताओं ने इस्लामिक शिक्षाओं और भाईचारे के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए विवादित इबादतगाहों को हिंदू समुदाय को सौंपने का प्रस्ताव रखा। इन संवेदनशील मुद्दों पर मंच की पहल है कि ऐतिहासिक प्रमाणों, पारंपरिक एवं प्रत्यक्ष साक्ष्यों, खुदाई में मिले प्रमाणों के आधार पर विवादित स्थलों को हिंदू समुदाय को सौंपा जाए। मुसलमानों से इस्लामी सिद्धांतों का पालन करने और ऐसे स्थानों पर नमाज न अदा करने की अपील की, जो विवादित हों या दूसरे धर्मस्थलों को तोड़कर बनाई गई हों। सरकार से संवैधानिक उपायों के जरिए विवादित स्थलों को पुनर्स्थापित करने की मांग की जाए। अगर समस्या का समाधान संवाद या सरकार के साथ वार्ता से न निकल पाए, तो अदालत का निर्णय सर्वोपरि होना चाहिए, जिस प्रकार अयोध्या प्रकरण में अदालत का फैसला सर्वमान्य रहा। इस्लाम में मस्जिद का निर्माण तभी जायज माना जाता है, जब वह अविवादित भूमि पर हो, जिसे किसी व्यक्ति या संगठन ने वक्फ यानी दान कर दिया हो। वक्फ का मतलब है कि वह जमीन पूरी तरह से अल्लाह की इबादत के लिए समर्पित हो गई हो और उस पर किसी प्रकार का विवाद, जबरन कब्जा या गैर-कानूनी कार्यवाही न हो। मस्जिद के लिए वक्फ की भूमि का महत्व इसलिए है क्योंकि इस्लामी शिक्षा के अनुसार, अल्लाह की इबादत के स्थान को शुद्ध और न्यायपूर्ण आधार पर स्थापित किया जाना चाहिए। अगर भूमि विवादित हो या किसी से छीनकर बनाई गई हो, तो वह मस्जिद इस्लामी मान्यता के अनुसार सही नहीं मानी जाएगी। इस्लाम में मस्जिद को अल्लाह का घर कहा गया है, इसलिए इसे पवित्र और न्यायसंगत तरीके से स्थापित करना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। हिंदू और मुसलमान पूर्वजों, परंपराओं और सभ्यताओं से एक हैं। मंच के सदस्य ठाकुर राजा रईस ने कहा कि, मंच ने ₹आओ जड़ों से जुड़ो₹ अभियान के माध्यम से यह संदेश फैलाने का प्रयास किया है कि भारत के हिंदू और मुसलमान अपने पूर्वजों, परंपराओं और सभ्यताओं से एक हैं। मंच का मानना है कि भले ही धर्म अलग हों, लेकिन भारत की मिट्टी दोनों समुदायों को एक साझा इतिहास और परंपरा से जोड़ती है। हमारे पूर्वज, जाति, गोत्र, परंपराएं, भाषा आदि सभी सांझी रूप से हिंदुस्तानी थी, हैं,और रहेंगी। सम्प्रदाय कोई भी हो, मान्यता कोई भी हो बस विचार मोहब्बत भरे होने चाहिएं। किसी शायर ने कहा है-

दिलों में अब खिंचावट है,ये हालत जिन्दगी की है,
जो लोगों में करे अन्तर भला कैसी सियासत है।
विचारों में सभी के बस मोहब्बत ही मोहब्बत हो,
यहाँ हिंदू में मुस्लिम में मोहब्बत की जरूरत है।

चार मोती

सुनील उत्सव

'शर्म' 'शराफत' 'गलत' 'सियासत'

भटक कर रह गये यारो,कई नेताओं के बच्चे,
न उनमें शर्म बाकी है न उनमें अब शराफत है।
बराबर हारकर भी वो नशे में चूर बैठे हैं,
गलत हैं सब बयां उनके, गलत उनकी सियासत है।

श्री गुरू गोविंद सिंह प्रकाश पर्व पर नगर में निकला नगर कीर्तन

जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा, सड़कों पर छिड़का गया पानी

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी (बु.)। शनिवार को श्री गुरू सिंह सभा गांधी कॉलोनी मुजफ्फरनगर की ओर से नगर के मुख्य मार्गों पर बैंड-बाजों व स्कूली बच्चों की मौजूदगी में नगर कीर्तन की धूम रही। गांधी कॉलोनी गुरूद्वारा के प्रधान सरदार हरजीत सिंह गुराया व सचिव सरदार धनप्रीत सिंह चन्नी बेदी की देखरेख में इस बीच दशमेश पिता धन-धन श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। गांधी कॉलोनी श्री गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा से नगर कीर्तन का शुभारंभ प्रातः 7 बजे ज्ञानी जोगा सिंह जी द्वारा अरदास करके किया गया।

जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयघोष के बीच गांधी कॉलोनी गुरूद्वारा से प्रारंभ हुए नगर कीर्तन में शहर के मशहूर दो बैंड, ढोल नगाड़ा, गुरू गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल का दशमेश बैंड, श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी की सवारी निकाली गई, जिनकी अगवाई इस दौरान पंच प्यारे कर रहे थे। नगर कीर्तन के आगे इस दौरान संगत झाड़ू लगाकर, पानी का छिड़काव और फूलों की वर्षा करते हुए चल रही थी, जो कि बहुत ही श्रद्धा का परिचय दे रहे थे। नगर क्षेत्र में इस बीच नगर कीर्तन का श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह चाय, नाश्ता एवं अन्य खाद्य सामग्री के स्टॉल लगा कर संगत के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। नगर कीर्तन में फूलों की वर्षा कर पंच प्यारे एवं श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी की सवारी का अलग-अलग इस बीच सामाजिक व धार्मिक लोगों द्वारा स्वागत किया गया। नगर कीर्तन गांधी कॉलोनी गुरूद्वारे से प्रारंभ होकर गांधी कॉलोनी मेन रोड से होते हुए लिंक रोड, भोपा रोड, मालवीय चौक, अंसारी रोड, नावल्टी चौक, शिवचौक, झांसी की रानी और कोर्ट रोड से होता हुआ गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा रोडवेज के निकट दोपहर एक बजे समापन हुआ। नगर कीर्तन की समाप्ति पर गुरू का अटूट लंगर पूरी संगत ने बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ छका। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगर कीर्तन में शामिल रहे।

भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर में याद किए गए गुरू गोविंद सिंह

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी (बु.)। भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी में शनिवार को गुरू गोविंद सिंह जी की जयंती की पूर्व वेला पर विद्यालय आचार्य योगेश कुमार ने सभी छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि खालसा पंथ की स्थापना करने वाले, सिखों के दसवें गुरू गुरू गोविंद सिंह जी ने हिन्दु धर्म की रक्षा के लिए अपने पुत्रों का भी बलिदान दे दिया। उन्होंने एक नया घोष दिया। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरू जी की फतेह। उन्होंने पांच प्यारों के विषय में जानकारी देते हुए सभी से उनके आदर्शों पर चलने की सीख दी। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या सीमा गोयल ने गुरू गोविन्द सिंह जी को नमन करते हुए

छात्राओं को अपने जीवन में किसी भी परिस्थिति में अपने धर्म को न छोड़ने की सीख दी। इस दौरान विद्यालय प्रांगण में बड़ी संख्या में छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे।

सीडीओ-एसपी सिटी ने सुनी सदर तहसील में समस्याएं

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी (बु.)। उत्तर प्रदेश शासन के जारी निर्देशों के क्रम में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया व पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों का दर्द बांटा। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, राशन कार्ड, चकबंदी आदि से संबंधित शिकायतें मुख्य रूप से प्राप्त हुई। संपूर्ण समाधान दिवस के बीच अधिकारियों ने जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा समस्याओं के जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करने के साथ समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जांच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर निकिता शर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर व तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड सहित अन्य पुलिस, प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

यूपी में ट्रैफिक पुलिस में बनेगी अलग महिला विंग, तत्काल होंगी दस हजार नियुक्तियां

लखनऊ, 04 जनवरी (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यातायात पुलिस में महिलाओं की अलग विंग बनाने का आदेश दिया है, जिसमें महिला निरीक्षक, उप निरीक्षक और सिपाही की अलग से तैनात किया जाएगा। उन्होंने यातायात पुलिसकर्मियों की कमी के दृष्टिगत 10 हजार अतिरिक्त पद सृजित करने पर विचार करने को भी कहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक से संबंधित दिशा-निर्देश विभागों को जारी कर दिए। जिसमें बीते वर्ष प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं मे हुई मौतों की संख्या में इस बार 50 फीसद की कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा जिलों मे रोड सेफ्टी एक्शन प्लान बनाने के ठोस उपाय भी बताए गए हैं। खासकर परिवहन विभाग की बसों से होने वाली दुर्घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने को कहा गया है। सीएम ने वाहनों के चालान का शुल्क अवश्य जमा कराने का मैकेनिज्म बनाने और नियमों का उल्लंघन करने पर चार चरण में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसके तहत लाइसेंस का निलंबन, निरस्तीकरण, बीमा राशि में वृद्धि और पंजीकरण रद करने की कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने आगामी 5 से 10 जनवरी तक जागरूकता अभियान चलाने और उसके बाद नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शहरों के साथ ग्रामीण इलाकों में भी रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की हिदायत भी दी। सरकारी और सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज सबसे पहले गृह विभाग को उपलब्ध कराने का आदेश भी दिया है।

व्यापार मंडल ने कलेक्ट्रेट में किया विरोध प्रदर्शन

- ई-कॉमर्स में विनियमन अधिनियम बनाने की उठाई मांग

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी (बु.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की इकाई ने ऑनलाइन के असीमित क्षेत्र में अनियमित घुसपैठ के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल ने उक्त ज्ञापन के माध्यम से निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा, एमएसएमई हितों, उपभोक्ता संरक्षण की रक्षा व छोटे दुकानदारों के हितों की रक्षा के लिए, ई-कॉमर्स में भी विनीयमन अधिनियम बनाये जाने की मांग की। व्यापारियों ने पीएम का ध्यान भारतीय ई-कॉमर्स उद्योग में विनियामक निरीक्षण की जरुरत की ओर आकर्षित करने के साथ ई-कॉमर्स ने कुछ ऐसी प्रथाओं को जन्म दिया जो निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को खतरे में डालते हैं विशेष रूप से व्यापारी एमएसएमई खुदरा विक्रेताओं व उपभोक्ताओं को भी प्रभावित करती हैं। प्रधानमंत्री के नाम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के ज्ञापन में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म विक्रेताओं का अनिवार्य केवाईसी किए जाने की पैरवी करते हुए अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों की लगातार वित्तीय घाटे की सूचना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि जहां एमएसएमई और पारंपरिक खुदरा विक्रेताओं सहित छोटे प्रतिस्पर्धियों को बाहर करने के लिए उत्पादों को स्थिर दरों पर बेचे जाने से छोटा खुदरा व्यापारी बेरोजगार होने के कगार पर है। वहीं ई-कॉमर्स को थोक विक्रेताओं के रूप में कार्य करने से छोटे खुदरा विक्रेताओं को नुकसान होता है इस तरह की कीमतों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप की जरुरत है। बड़े प्लेटफार्म पर दी जाने वाली कैशबैक व ब्याज मुक्त योजनाएं आसान खेल के मैदान बनती हैं, ई-कॉमर्स कंपनी के डिलीवरी कर्मियों को कर्मचारियों के रूप में माना जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें उचित श्रम सुरक्षा और लाभ प्राप्त हो जिससे लॉजिस्टिक क्षेत्र में श्रमिकों का कल्याण बढ़े। व्यापार मंडल ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर आवश्यक अंकुश लगाने की आवश्यकता व्यक्त की, ताकि भारत के खुदरा व्यापारी जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उन्हें ग्राहक को कोई नुकसान न पहुंचे तथा भारत की जीडीपी लगातार वृद्धि करती रहे। इस दौरान अशोक कंसल प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व अजय सिंघल नगर अध्यक्ष के अलावा श्याम सिंह सैनी, राकेश गर्ग, दिनेश बंसल, अशोक छाबड़ा, पंकज शर्मा, अनिल तायल, अमित मित्तल, रामपाल सेन, हिमांशु कौशिक, शोभित गुप्ता, अजय गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, पवन छाबड़ा ,अनीशा भटनागर, अंजू शर्मा, दिनेश गिरी, प्रवीण खेड़ा आदि उपस्थित रहे।

चेयरपर्सन ने कंपनी कार्यों पर जताई नाराजगी, दी चेतावनी

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी (बु.)। नगरीय क्षेत्र की बेपटरी सफाई व्यवस्था को सुधारने के साथ विकास को पंख लगाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच चेयरपर्सन अब सड़कों पर निकल गई है। इस दौरान जहां वे पालिका कर्मचारियों-अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने में जुटी हैं, वहीं बेपटरी सफाई व्यवस्था कार्य की शैली को बदलने में जुटी हैं। इसके साथ वार्ड स्तर की साफ-सफाई और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के लिए लगातार काम करने में लगी हैं। शनिवार को इन्हीं कवायदों के बीच चेयरपर्सन मीनाक्षी

स्वरूप ने नगरपालिका परिषद क्षेत्र में दिल्ली की कंपनी द्वारा कराई गई सफाई व्यवस्था की गुणवत्ता को परखने के साथ कंपनी अफसरों को व्याप्त गंदगी पर फटकार भी लगाई।

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप शनिवार को सबसे पहले जिला अस्पताल के बाहर बंद किए गए डलावघर का निरीक्षण करने के लिए मौके पर पहुंची। यहां उन्होंने व्याप्त गंदगी पर नाराजगी जताते हुए व्यवस्था में सुधार किए जाने के निर्देश दिए। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने निरीक्षण के दौरान इन डलावघरों के आसपास गंदगी पर सेकेंड्री पाईंट इंचार्ज को कड़ी फटकार लगाते हुए कंपनी द्वारा किए गए कार्यों के प्रति असंतोष जताया और सुधार न होने की स्थिति में कार्रवाई करने से परहेज न करने की चेतावनी दी। उन्होंने रुड़की रोड के डिवाइडरों पर गंदगी पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसमें सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान मौजूद अधिकारियों को उन्होंने व्यवस्था में सुधार किए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सभासद मनोज वर्मा, चीफ योगेश कुमार मौजूद रहे।

आवश्यकता है
मेल गार्ड रात्रि हेतु,
अनुभवी फीमेल स्टाफ
रात्रि हेतु, अनुभवी
मेल OT व वार्ड हेतु।
वशिष्ठ हॉस्पिटल
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
M:.9412110567

एक-दूजे के हुए बरला में 94 जोड़े

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में साक्षी बने योगी सरकार के मंत्री - कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने दिए नव दंपति को आशीर्वाद

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी (बु.)। योगी सरकार की पहल पर जनपद में शुरू मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को जनपद की तहसील सदर ब्लॉक पुरकाजी की ओर से बरला के एक बैंकटहाल में 94 जोड़ों को दाम्पत्य सूत्र में बांधे जाने की रस्में की गई। यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में क्षेत्रीय विधायक एवं योगी सरकार में बतौर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने वैवाहिक जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए बेहतर जीवन के लिए उन्हें बधाई दी। शनिवार को बरला नेशनल हाइवे पर स्थित एक वेंकटहाल में पुरकाजी ब्लॉक की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें नौ जोड़े मुस्लिम समुदाय से थे, इन जोड़ों का सामूहिक निकाह कारी जशीम ने और हिंदू जोड़ों का विवाह पंडित अमित शास्त्री ने हिंदू रीति-रिवाज से सम्पन्न कराया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ऐसे आयोजन प्रदेष भर में किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त शादियों के लिए प्रत्येक नव विवाहित जोड़े को 51 हजार रुपए की मदद सरकार की ओर से दी जाती है, जिससे 35 हजार रुपए नकद धनराशि के रूप में चैक, दस हजार रुपए का सामान व पांच हजार रुपए खर्च के जो शादी कार्यक्रम आयोजन के दिन खर्च होता है। ब्लॉक स्तर पर आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी पुरकाजी प्रमोद कुमार, पारीख ग्रेवाल, विकास तोमर, नसीम त्यागी, विनोद कुमार सचिव व अरविंद लम्बरदार, धीरज त्यागी, प्रदीप, मनोज त्यागी, सुनील गुर्जर, अनिल गौतम, मुजफ्फर प्रधान व बबलू त्यागी, फरमान त्यागी आदि मौजूद रहे।

डीएम ने सुनी जनसमस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

जानसठ, 04 जनवरी (बु.)। साल और माह के पहले शनिवार समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। क्षेत्र से आए फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गये। समाधान दिवस में 39 शिकायतें आई, जिनमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। साल और माह के पहला तहसील सभागार कक्ष में शनिवार समाधान दिवस जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाधान दिवस में क्षेत्र से आए फरियादियों की 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया गया। समाधान दिवस में ज्यादा शिकायतें नकल खतौनी में नाम गलत दर्ज होने की आई, वहीं विद्युत विभाग व राशनकार्ड आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। कस्बा निवासी लोगों ने पानीपत-खटीमा राजमार्ग हाईवे पर कट की मांग करते हुए एक ज्ञापन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को सौंपा। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से मौके पर जाकर समय रहते किया जाए। समाधान दिवस में उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय रहते कर्मचारी मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करें। समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र से काफी संख्या में फरियादी अपनी फरियाद लेकर समाधान दिवस में आएं। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह,सीएमओ सुनील कुमार तेवतिया, एसडीएम सुबोध कुमार, सीओ यतेंद्र नागर, तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल,नायब तहसीलदार ब्रिजेश कुमार, नायब तहसीलदार अजय कुमार, एसओ रामराज सुनील कसाना, एसओ मीरापुर बबलू वर्मा, एसओ सिखेडा विनोद कुमार, एसओ जानसठ राजीव शर्मा, एसओ ककरौली, एसओ भोपा, सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार, एसडीओ विद्युत रविकुमार, बीडीओ अरविंद कुमार, बीडीओ मोरना अकसीर खान, सुपरवाइजर मुनेश सैनी, जिलापूर्ति अधिकारी सहित समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जानसठ बार में कार्यरत वरिष्ठतम और कनिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान

- पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाये अधिवक्ता: डीएम

जानसठ, 04 जनवरी (बु.)। जानसठ बार संघ में कार्यरत 25 वर्ष से अधिक सेवा देने वाले और वरिष्ठतम अधिवक्ताओं के साथ जूनियर अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया। जानसठ बार के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीएम उमेश मिश्रा रहे। डीएम ने अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ता अपनी अग्रणी भूमिका निभाये। इस अवसर पर प्रदीप गोयल एडवोकेट, प्रवेश गोयल एडवोकेट, अचल कुमार एडवोकेट, प्रदीप गर्ग एडवोकेट, अरुण गर्ग एडवोकेट, शशि सैनी एडवोकेट, यशवंत कांबोज एडवोकेट, हसीन हैदर एडवोकेट, आशुतोष बंसल, अंकुर शर्मा, साईं बालम, हिलाल मियां, सोनी कुमार गुर्जर, वेद प्रकाश एडवोकेट, सोफिया एडवोकेट, कविता सैनी एडवोकेट, अनवर सहित सैकड़ों अधिवक्ता के साथ एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार मौजूद रहे।

एसडी इंजी. में जनपद के प्रथम फ्लोटिंग बायोगैस प्लांट की स्थापना हुई

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी (बुस.)। जानसठ रोड स्थित एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी में जनपद का प्रथम फ्लोटिंग बायोगैस प्लांट स्थापित किया गया। सामान्यतः बायोगैस प्लांट से मिथेन गैस के साथ साथ कार्बन डाईआक्साइड, हाइड्रोजन सल्फाइड तथा माइश्चर उत्पन्न होता है, जिससे इंजन को चलाना बहुत मुश्किल होता है। इस संयन्त्र को डिजाइन से लेकर स्थापित करने में एसडीसीईटी इन्क्यूबेशन फोरम व छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान है। इस संयन्त्र से उत्पन्न शुद्ध मिथेन गैस से इंजन को डायरेक्ट चलाया जा सकता है। वर्तमान में जो इंजन बायोगैस से चलाये जाते हैं, उनमें डीजल और बायोगैस का संयुक्त रूप से उपयोग होता है। डीजल का उपयोग होने से प्रदूषण उत्पन्न होता है। एसडीसीईटी इन्क्यूबेशन फोरम की विकसित तकनीक द्वारा इंजन को डायरेक्ट मिथेन से चलाया जा सकता है। इस अवसर पर एसडीसीईटी इन्क्यूबेशन फोरम की टीम व संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बताया कि संस्थान में बायोगैस प्लांट स्थापित करना एक अत्याधिक लाभकारी व दूरदर्शी कदम है, जो पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा उत्पादन दोनों में सहायक है। बायोगैस संयंत्र जैविक कचरे (जैसे खाने का अवशेष, पत्तियां, गोबर आदि) को प्राकृतिक गैस में बदलने की प्रक्रिया है, जिससे ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने इसके लाभों के बारे में विस्तार से बताते हुये कहा कि बायोगैस से ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है, जिसका उपयोग कैंटीन में खाना पकाने, लैब्स और अन्य भवनों में बिजली के लिए किया जा सकता है। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बायोगैस संयन्त्र को स्थापित करने की प्रेरणा व मार्गदर्शन हेतु अंकिता कुमार पत्नी अनुभव कुमार (सचिव) को धन्यवाद ज्ञापित किया।

विशाल नाम बताकर नजम ने शादी का झांसा देकर लूटी आबरू

पीलीभीत, 04 जनवरी (एजेंसी)। सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री का जहानाबाद क्षेत्र के मोहल्ला कच्ची हवेली निवासी नजम से जान-पहचान हुई थी। आरोप है कि युवक ने अपना नाम विशाल बताया और उससे दोस्ती कर ली। पहले प्रेमजाल में फंसाया, फिर शादी का झांसा दिया। आरोपी नजम करीब दो साल तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। कुछ समय उसकी सच्चाई पता चली तो युवती दंग रह गई। युवती ने आरोपी युवक के परिजनों से बात की। युवक के परिजनों ने धर्मांतरण कराने के बाद निकाह का आश्वासन दिया।

हम राम को मानने वाले लोग, बाबर को मानने वाली सपा ने रोका अयोध्या का विकास: योगी

लखनऊ, 04 जनवरी (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास और सनातन के प्रतीक श्रीराम की परंपरा में विश्वास रखती है। इसीलिए अयोध्या को देश ही नहीं समूचे विश्व के सामने विकास के प्रतिबिंब के रूप में स्थापित किया है। जबकि समाजवादी पार्टी विध्वंस के प्रतीक बाबर का सम्मान करती है। इसलिए वे जब सत्ता में थे तो यहां के विकास को रोका और रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। सीएम योगी शनिवार को यहां आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए आयोजित कार्यकर्ता संवाद में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने उपचुनाव में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि सपा के शासनकाल में प्रदेश को दंगे की आग में भी झोंके रखा गया। सपा के नेता आज भी आतंकियों, दुराचारियों और अपराधियों के साथ खड़े रहते हैं। भदरसा कांड का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि एक दुष्कर्मी को सपा नेता वृद्ध बताते हैं। उनकी परंपरा में बेटी, व्यापारियों और किसानों की सुरक्षा पर हमेशा खतरा बना रहता है। वहीं भाजपा निरंतर देश और प्रदेश को विकास के पथ पर आ

एंटी करप्शन टीम के विरोध में उतरे लेखपाल, जताया विरोध

▶ समाधान दिवस का बहिष्कार कर दिया सदर तहसील में धरना ▶ मुख्यमंत्री से एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई रोके जाने की मांग

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी (बु.)। एंटी करप्शन विभाग द्वारा लगातार लेखपालों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के विरोध में शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर सदर तहसील परिसर में धरना देते हुए विजिलेंस टीम द्वारा साजिशन की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाए जाने की मांग की। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की सदर तहसील इकाई के अध्यक्ष संजीव मलिक ने नेतृत्व में सदस्यों ने धरना प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम सदर के माध्यम से सौंपे ज्ञापन में झूठा फंसाने की नीयत से साधारण सी शिकायत पर प्रायः लेखपालों पर साजिश के तहत एंटी करप्शन टीम के माध्यम से जबरन ट्रैप की कार्रवाई विजिलेंस टीम द्वारा किए जाने का विरोध किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एसडीएम सदर निकिता शर्मा को सौंपे ज्ञापन में तहसील सदर के उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष संजीव मलिक ने मांग की है कि एंटी करप्शन या विजिलेंस ट्रैप की कार्रवाई से पूर्व जांच कर ली जाए, क्योंकि उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ भ्रष्टाचार का विरोधी है। किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार पर रोक लगनी चाहिए। स्वच्छ प्रशासन एक कल्याणकारी राज्य के लिए जरूरी भी है, किंतु लक्ष्य पूरा करने और जन सामान्य में लेखपालों की छवि खराब करने के उद्देश्य से किसी भी लेखपाल को साजिशन फंसाया जाना और उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा के साथ छेड़छाड़ आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना के बराबर है। इससे विभाग की भी छवि धूमिल हो रही है। धरने पर अधिकांश वक्ताओं ने सामान्य शिकायत के आधार पर विजिलेंस की टीम का वास्तविक तथ्यों का परीक्षण किए बगैर ही शिकायतकर्ता को उकसाकर स्वयं बोल बोल कर शिकायती पत्र लिखवाया जाना किसी भी सूरत में अच्छे संकेत नहीं हो सकते। लेखपालों ने ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच करने की मांग के साथ सत्यता के बिना होने वाली गिरफ्तारी को लेखपालों के मानसिक उत्पीड़न की संज्ञा देते हुए जांच कराने के बाद कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान योगेश आर्य, शहर लेखपाल संजीव कुमार शर्मा, नवीन गौतम, प्रवीण गुप्ता, प्रदीप सैनी, आसीफुर्रहमान, रेशु अग्रवाल समेत अन्य लेखपाल धरने पर मौजूद रहे।

महाकुंभ का आधिकारिक एक्स अकाउंट सस्पेंड

प्रयागराज, 04 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ का आधिकारिक एक्स अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया। इसके बाद से अकाउंट खोलने पर महाकुंभ संबंधी अपडेट भी गायब हो गए। आशंका जताई जा रही है कि अकाउंट हैक हो गया है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, मेलाधिकारी ने इस मामले से नकार दिया है। दरअसल, महाकुंभ से जुड़ी सूचनाओं से लोगों को जागरूक रखने के लिए अलग-अलग सोशल मीडिया हैंडल पर महाकुंभ के आधिकारिक अकाउंट बनाए गए हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम के साथ ही माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर भी महाकुंभ नाम से बनाया गया। 2025 नाम के इस एक्स हैंडल को सितंबर 2024 में बनाया गया। इस अकाउंट को आधिकारिक अकाउंट बताया गया, जिस पर अब तक 14200 फॉलोअर्स हैं। इस हैंडल से लगातार महाकुंभ संबंधी जानकारियां साझा की जा रही थीं। आपको बता दें कि यह अकाउंट कुंभ के ऑफिशियल वेबसाइट पर भी शेयर किया गया है।

केजरीवाल का चुनावी वादा, चुनाव जीते तो पानी के बिल होंगे माफ

नई दिल्ली, 04 जनवरी (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक और बड़ा एलान किया है।

उन्होंने दिल्ली के लोगों से कहा कि गलत पानी के बिलों को न भरें। जिन लोगों के गलत पानी के बिल आए हुए हैं, उन्हें भरने की जरूरत नहीं है। चुनाव के बाद उनके गलत बिल माफ कर दिए जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार पिछले 10 सालों से लोगों को मुफ्त पानी मुहैया करा रही है। 12 लाख से ज्यादा परिवारों को जीरो पानी का बिल आता है। लेकिन मेरे जेल जाने के बाद, मुझे नहीं पता कि इन लोगों ने क्या किया। उन्होंने कुछ गलत किया और लोगों को हर महीने हजारों और लाखों रुपये का पानी का बिल आना शुरू हो गया। आगे कहा कि मैं सार्वजनिक रूप से और आधिकारिक तौर पर घोषणा करना चाहता हूं कि जिन लोगों को लगता है कि उनके बिल गलत हैं। उन्हें अपने पानी के बिल का भुगतान करने की जरूरत नहीं है। उन्हें इंतजार करना चाहिए। चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी सरकार बनाएगी और हम उनके गलत बिल माफ करवाएंगे। यह मेरा सभी लोगों से वादा है, यह मेरी गारंटी है।

तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका, 6 लोगों की दर्दनाक मौत

नई दिल्ली, 04 जनवरी (एजेंसी)। तमिलनाडु में विरुधुनगर जिले के सत्तूर इलाके में एक पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। अग्निशमन एवं बचाव विभाग के अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। आगे की जांच जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक, फैक्ट्री से अब तक 6 शव बरामद हो चुके हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अग्निशमन विभाग ने सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की,वर्तमान में बचाव कार्य में लगा हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जांच चल रही है और दुर्घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा रही है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने हाल ही में विरुधुनगर जिले का दौरा किया, जहां उन्होंने पटाखा फैक्ट्री मालिकों से ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय करने का आग्रह किया। सीएम स्टालिन ने श्रमिकों से भी बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि उन्होंने फैक्ट्री मालिकों को सभी आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए हैं।

ठंड का प्रचंड रूप : ठिठुरन के बीच रविवार को घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली, 04 जनवरी (एजेंसी)। राजधानी में पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाओं ने ठंड के साथ घने कोहरे का प्रकोप बढ़ा दिया है। शनिवार को दोपहर में धूप खिलने के बाद भी कोहरे से राहत नहीं मिली। लेकिन, धूप ने कोहरे की हल्की परत को हटा दिया। ऐसे में सुबह नौ बजे तक अलग-अलग इलाकों में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। मौसम विभाग की माने तो पालम एयरपोर्ट में नौ घंटे तक दृश्यता शून्य रही। ऐसे में यह इस सीजन का सबसे घना कोहरा रहा। सफदरजंग में सुबह नौ बजे के करीब दृश्यता 100 मीटर दर्ज की गई। जबकि, पालम केंद्र में इस दौरान दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई। इससे वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि रविवार को घने से घना कोहरा छाया रहेगा। कुछ स्थानों पर सुबह स्मॉग, हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा व धुंध रहने की संभावना है। शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में नया पश्चिम विक्षोभ सक्रीय होने से सोमवार को बारिश होने का अनुमान है।

पत्रकार मुकेश चंद्राकर मर्डर केस में 3 आरोपी गिरफ्तार

बीजापुर, 04 जनवरी (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या कर उनके शव को एक सेप्टिक टैंक में छुपा दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं आईजी बस्तर पी सुंदरराज का इस मामले में कहना है, 'पत्रकार मुकेश चंद्राकर 1 जनवरी से लापता थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है। उनका शव ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के परिसर में एक सेप्टिक टैंक से बरामद किया गया। उनके शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह बुधवार शाम को लापता हो गए और उनके बड़े भाई युकेश चंद्राकर ने अगले दिन पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि मुकेश के मोबाइल नंबर को ट्रैक करते हुए, पुलिस सुरेश चंद्राकर की संपत्ति पर पहुंची और एक सेप्टिक टैंक में शव पाया, जिसे कंक्रीट स्लैब के साथ ताजा डाला गया था। पुलिस को संदेह है कि हत्या जिले में सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं की हालिया रिपोर्ट से जुड़ी है जिसे पीड़ित ने कवर किया था।

एसएसपी के आदेश पर बैंक प्रबंधक समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट

मुजफ्फरनगर, 4 जनवरी (बु.)। गांधी कॉलोनी निवासी रोहिणी त्यागी पत्नी विदित त्यागी द्वारा शिकायत करते हुए बताया गया कि उनकी फर्म मै. रोहिणी इण्डस्ट्री के नाम से संचालित है। उक्त फर्म के लिए पीएनबी गांधी कॉलोनी की शाखा से टर्म लोन व कैश क्रेडिट फेसिलिटी के लोन लिये गए थे, जिसके बदले मौहल्ला शिवनगर की सम्पत्ति को बैंक में बंधक रखा गया था। कोरोना काल के दौरान वे बैंक में किश्त जमा नहीं कर पाए, जिसके परिणामस्वरूप 4 सितम्बर 2022 को बैंक में बंधक सम्पत्तियों की नीलामी के लिए 14 अक्टूबर की तिथि बैंक द्वारा तय की गयी। रोहिणी त्यागी पत्नी विदित त्यागी का आरोप है कि बंधक सम्पत्ति को नीलामी से पहले ही कपिल कुमार मलिक निवासी गौतमबुद्धनगर के पक्ष में पहले ही नीलाम कर दिया गया। बाद में उनके संज्ञान में आया कि रिकवरी अधिकारी जसवेन्द्र सिंह ने अधीनस्थ अधिकारी आशीष कुमार और शाखा प्रबंधक आशुतोष मिश्रा के साथ सैटिंग व साज कर उक्त सम्पत्ति कपिल कुमार मलिक को बेची है। कपिल कुमार मलिक की सम्पत्ति के साथ फोटो लगी है, जो 23 अगस्त 2022 में खींची गयी थी। आरोप है कि जिस दिन की फोटो बैनामे पर चस्पा है, उस दिन तक की सम्पत्ति की नीलमी की कार्यवाही शुरू तक नहीं हुई थी। यहां तक कि सम्पत्ति की नीलामी की कोई तिथि भी बैंक द्वारा नहीं तय की गयी थी। पीड़िता के अनुसार इन लोगों ने उनकी सम्बंधी बबीता की करोड़ों रुपये की सम्पत्ति को भी इसी तरह औने पौने दामों में कपिल कुमार के पक्ष में ही नीलाम कर दिया है। नई मण्डी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

संभल में बेची वक्फ संपत्तिः अफसरों और नेताओं ने गठजोड़ का हुआ खुलासा

संभल, 04 जनवरी (एजेंसी)। संभल में वक्फ संपत्तियों के फर्जी बैनामे के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। जांच में वक्फ संपत्ति बेचने और श्रेणी परिवर्तन कराने में शामिल अधिकारियों पर कार्रवाई तय है। सत्यव्रत पुलिस चौकी की जमीन पर वक्फ का दावा फर्जी पाए जाने पर डीएम के आदेश से तीन सदस्यीय समिति ने यह खुलासा किया। वक्फ संपत्तियों को खुर्दबुर्द किए जाने के मामले में अज्ञात के खिलाफ संभल कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हो गई है। अब पुलिस की जांच उन वक्फ जमीनों की ओर शुरू हो गई है जिनके बैनामे कराए गए हैं। जिन वक्फ जमीनों के बैनामे हुए हैं, उससे उन अधिकारियों पर भी गाज गिरनी तय है, जिन्होंने यह बैनामा प्रक्रिया पूरी कराई है। प्रशासन के अधिकारियों को यह भी जानकारी मिली है कि धारा 80 भी वक्फ जमीनों की कराई गई है, जो नहीं की जा सकती। क्योंकि वक्फ संपत्तियों को बेचा नहीं जा सकता है। इन सभी सवालों के जवाब जांच में निकलकर सामने आएंगे। उसके बाद वक्फ संपत्ति बेचने और लेने वाले के साथ अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी तय है। जामा मस्जिद के नजदीक बन रही सत्यव्रत पुलिस चौकी की जमीन पर कुछ लोगों ने वक्फ की जमीन होने का दावा किया था। जो दस्तावेज दिखाए गए वह वैध नहीं पाए गए। इसके बाद ही डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया के आदेश पर एसडीएम के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया। समिति की जांच में स्पष्ट हुआ कि वक्फनामा फर्जी है। इसके बाद ही अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अब सभी वक्फ संपत्तियों की जांच पुलिस द्वारा की जाएगी। इसमें जिसका जो दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई होनी है। सूत्रों के अनुसार एक 50 बीघा से ज्यादा जमीन का बैनामा हुआ है। उसकी श्रेणी में भी परिवर्तन कराया गया है। इसमें तहसील और रजिस्ट्री कार्यालय के अधिकारियों पर भी गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

महाकुंभ में पहली बार विराजेंगे बाबा विश्वनाथ, साधु-संत व भक्त करेंगे दर्शन

वाराणसी, 04 जनवरी (एजेंसी)। श्री काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद पहली बार त्रिवेणी के संगम पर काशीपुराधिपति के दर्शन होंगे। प्रयागराज में बसने वाली टेंट सिटी में श्री काशी विश्वनाथ की प्रतिकृति विराजमान कराई जाएगी। टेंट सिटी में देशभर से आने वाले साधु-संत और श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर सकेंगे। दर्शन-पूजन के साथ ही रुद्राभिषेक की भी सुविधा श्रद्धालुओं को मिलेगी। मंदिर न्यास ने भूमि आवंटन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ में आने वाले सनातनी बाबा विश्वनाथ का दर्शन कर सकेंगे। बाबा का ज्योतिर्लिंग प्रतीक स्वरूप में स्थापित किया जाएगा। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की तरह ही संगम तट पर बाबा के दरबार में भी चार प्रहर की आरती के दर्शन होंगे। श्रद्धालु के लिए रुद्राभिषेक और अनुष्ठान के इंतजाम भी रहेंगे। प्रयाग के बाद श्रद्धालु और संत बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए बनारस आते हैं। सुगम दर्शन के काउंटर से श्रद्धालु अपनी सुविधानुसार दर्शन, आरती और अनुष्ठान की बुकिंग पहले ही करा सकेंगे। एसडीएम शंभू शरण ने बताया कि महाकुंभ में बाबा का दरबार सजेगा। भूमि आवंटन होने के बाद तैयारियां शुरू हो जाएंगी। धाम की तरह ही संगम के तट पर सजने वाले बाबा दरबार में श्रद्धालुओं को बाबा विश्वनाथ के दर्शन होंगे। महाकुंभ में साधु-संतों व श्रद्धालुओं की सेवा के लिए संस्थाएं आगे आ रही हैं।

लोकजन कल्याण एवं समाज सुधार कर्म फाउंडेशन ट्रस्ट भी उनकी सेवा करेगी। इनके साथ जिले के अलावा मिजार्पुर व चंदौली जिले के व्यापारी भी सहयोग करेंगे। प्रतिदिन उनकी सेवा करने के साथ प्रसाद वितरण करेंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. एनके त्रिपाठी की अध्यक्षता में कंदवा में हुई बैठक में तय हुआ कि ट्रस्ट के सदस्यों के साथ व्यापारी कुंभ में सेवा व प्रसाद वितरण करेंगे। संगम तट पर गंगाजल की स्वच्छता के तहत सफाई व पर्यावरण संतुलन के प्रति श्रद्धालुओं को जागरूक किया जाएगा। महाशिवरात्रि के स्नान तक टीम कुंभ में सेवा देगी। बैठक में हरिहरानंद महाराज, आनंदपाल, मनीष मिश्रा, दिव्या त्रिपाठी, अनलि, पुष्पा, चंचल आदि रहे।

लूट व गैंगस्टर के 19 मुकदमों का 25 हजार का ईनामी बदमाश पुलिस की गोली से घायल

मुजफ्फरनगर, 4 जनवरी (बु.)। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मण्डी कोतवाली प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल पुलिस टीम के साथ एटूजेड रोड पर चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक बदमाश वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने बदमाश को रोकने का प्रयास किया तो बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में शातिर लुटेरा दिनेश निवासी रहीमनगर, ढिंढौली लखनऊ तथा मूल निवासी सिद्धेश्वर मंदिर के पास, जिला सीतापुर घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश से गिरफ्तारी के बाद एक बाइक व 9 हजार रुपये बरामद किये। एसपी सिटी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने नई मण्डी के सिखेड़ा थाना क्षेत्र में लूट की दो वारदातों को अंजाम दिया है। उसके एक साथी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि एक आरोपी दिनेश अभी भी फरार चल रहा है। थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने बताया कि घायल बदमाश पर एसएसपी अभिषेक सिंह ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। बदमाश पर लूट व गैंगस्टर के 19 मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें लखनऊ जनपद में 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। शातिर लुटेरा मुजफ्फरनगर ही नहीं लखनऊ व सीतापुर में भी वांछित चल रहा था। वारदात के बाद यह बदमाश उत्तराखण्ड के हरिद्वार में जाकर छिप जाता था।

धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में मची भगदड़

ठाणे, 04 जनवरी (एजेंसी)। बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भिवंडी के मनकोली नाका में सत्संग किया। सत्संग के बाद बागेश्वर धाम महाराज ने कहा कि वो सभी भक्तों को भभूति देंगे। लोग एक-एक करके उनके पास आएं। पहले महिलाएं आएंगी उसके बाद पुरुष आएं। स्टेज पर चढ़ने की जल्दबाजी में भीड़ अचानक बेकाबू हो गई। सभी लोग भभूति पाने के लिए एक साथ आगे बढ़ने लगे। जिस कारण सत्संग कार्यक्रम के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई।भिवंडी के मनकोली नाका में बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। समाचार एजेंसी एएनआई ने एक वीडियो जारी की है, जिसमें देखा जा सकता है कि लोगों की जबरदस्त भीड़ है। धीरेंद्र शास्त्री मानकोली इलाके के पास इंडियन ऑयल कंपनी में सत्संग करने आए थे। उन्होंने यहां जनता को कथा सुनाया। इसके बाद बागेश्वर धाम महाराज ने कहा कि वो सभी भक्तों को भभूति देंगे। लोग एक-एक करके उनके पास आएं। पहले महिलाएं आएंगी, उसके बाद पुरुष आएं। स्टेज पर चढ़ने की जल्दबाजी में भीड़ अचानक बेकाबू हो गई। सभी लोग भभूति पाने के लिए एक साथ आगे बढ़ने लगे। स्टेज के आस-पास खड़े सुरक्षा गार्ड ने लोगों को स्टेज से दूर करने की कोशिश की। कुछ महिलाओं को स्टेज पर बैठा दिया गया।

दिल्ली में केजरीवाल के खिलाफ भाजपा ने प्रवेश वर्मा को मैदान में उतारा

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशियों की पहली सूची जारी, सीएम आतिशी को टक्कर देंगे रमेश विधूड़ी

नई दिल्ली, 04 जनवरी (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 29 उम्मीदवारों के नाम हैं, जिनमें 10 हाई प्रोफाइल सीटें भी हैं। बीजेपी ने नई दिल्ली सीट से प्रवेश वर्मा को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मैदान में उतारा है। जबकि आप सरकार की मुख्यमंत्री आतिशी के समक्ष भाजपा ने वरिष्ठ नेता रमेश विधूडी को टिकट दिया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने पहली सूची जारी कर दी है। बीजेपी की पहली लिस्ट में 29 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। मालवीय नगर से सतीष उपाध्याय, गांधी नगर से अरविंद सिंह लवली और कालकाजी से रमेश विधूड़ी को उम्मीदवार बनाया गया है। नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बीजेपी ने प्रवेश वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। बीजेपी ने इस बार उन नेताओं का भी ध्यान रखा है, जो दूसरे दलों से भाजपा में आए हैं। आम आदमी पार्टी से आए राजकुमार आनंद, राजकुमार चौहान और कैलाश गहलोट को बीजेपी ने टिकट देकर सम्मान दिया है। वहीं, कांग्रेस पार्टी से आए अरविंदर सिंह लवली को भी गांधी नगर सीट से उतारा गया है। ये कांग्रेस और अअढ के उन नेताओं के लिए संदेश है कि अगर वे बीजेपी में आना चाहें, तो उन्हें पूरा सम्मान दिया जाएगा। साथ ही बता दें कि बीजेपी ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में किसी सीएम चेहरे के बिना जाने का फैसला किया है। बीजेपी ने आदर्श नगर से राज कुमार भाटिया, बादली से दीपक चौधरी, रिठाला से कुलवंत राणा, नांगलोगई जाट से मनोज शौकीन, मंगोलपुरी (अजा) से राजकुमार चौहान, रोहिणी से विजेंद्र गुप्ता, शालीमार बाग से रेखा गुप्ता, मॉडल टाउन से अशोक गोयल, करोल बाग (अजा) दुष्यंत कुमार गौतम, पटेल नगर से राज कुमार आनंद, राजौरी गार्डन से सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, जनकपुरी से आशीष सूद,बिजवासन से कैलाश गहलोत, नई दिल्ली से प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, जंगपुरा से सरदार तरविंदर सिंह मारवाह, मालवीय नगर से सतीश उपाध्याय, आर के पुरम से अनिल शर्मा, महरौली से गजेंद्र यादव, छतरपुर से करतार सिंह तंवर, अंबेडकर नगर (अजा) से खुशीराम चुनार, कालकाजी से रमेश बिधूड़ी,बदरपुर से नारायण दत्त शर्मा, पटपड़गंज से रवीन्द्र सिंह नेगी, विश्वास नगर से ओम प्रकाश शर्मा, कृष्णा नगर से अनिल गोयल, गांधी नगर से सरदार अरविंदर सिंह लवली, सीमापुरी (अजा)से कुमारी रिंकू, रोहतास नगर से जितेंद्र महाजन और घोंडा से अजय महावर को मैदान में उतारा है। प्रवेश वर्मा को नई दिल्ली विधानसभा सीट से अअढ के अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। करोल बाग से दुष्यंत गौतम, राजौरी गार्डन से मनजिंदर सिंह सिरसा, बिजवासन से कैलाश गहलोत, गांधी नगर से अरविंदर सिंह लवली को टिकट दिया गया है। लवली कांग्रेस के बड़े नेता रहे हैं, जो शीला दीक्षित की सरकार में शिक्षा मंत्री भी रहे हैं। आम आदमी पार्टी दिल्ली की सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने भी कई सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिये हैं। अब बीजेपी ने भी 29 उम्मीदवारों का नाम घोषित कर दिया है। सूत्रों की मानें तो चुनाव आयोग जल्द ही दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान कर सकता है। चुनाव फरवरी की शुरूआत में हो सकते हैं। दिल्ली में पिछले 10 सालों से आम आदमी पार्टी की सरकार है। बीजेपी का दावा है कि इस बार AAP को सत्ता से हटा वे सरकार बनाएंगे।

हिसार में बड़ा हादसाः चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर धुंध की वजह से तीन वाहन भिड़े, चार की मौत

हिसार, 04 जनवरी (एजेंसी)। हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर उलकाना के सूरेवाला चौक के पास घने कोहरे के चलते कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई।कार में पीछे से आई गाड़ी भी टकरा गई। कुछ लोग राहत बचाव के लिए पहुंचे तो पीछे से आया ट्रक लोगों पर चढ़ गया। इसके बाद ट्रक भी पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौत होना बताया जा रहा है, जबकि कुछ लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 8 बजे उकलाना के सूरेवाला चौक से एक कार चंडीगढ़ की ओर जा रही थी। कार घन कोहरे के कारण नियंत्रण खो बैठा। कार डिवाइडर पर जा टकराई ,जिसके बाद पलट गई। इस कार के पीछे आ रही दूसरी कार का चालक भी ब्रेक नहीं लगा सका। उसकी कार भी हादसाग्रस्त कार में जा टकराई। कारों में फंसे घायल लोगों को बचाने के लिए मौके पर आसपास के लोग पहुंचे। लोग कार चालकों को निकालने का प्रयास कर रह थे। इस दौरान चंडीगढ़ की ओर से आ रही एक कार ने राहत बचाव के लिए अए लोगों को कुचल दिया, जिसके बाद ट्रक पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत होने की प्राथमिक सूचना है। जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया। वाहनों को दूसरी ओर डायवर्ट किया गया। हिसार के अग्रोहा के पास घने कोहरे के चलते एक कार तालाब में जा गिरी। पानी में डूबने से कार चालक की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कार को निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जानकारी के अनुसार फतेहाबाद जिले के गांव भोडिया खेड़ा निवासी 53 वर्षीय जीवन राम शुक्रवार रात करीब 11 बजे अपनी आई 20 कार में सवार होकर अपने गांव की ओर जा रहा था। जब गाड़ी गांव सिवानी बोलान के पास पहुंचा तो घने कोहरे के कारण उसे दिखाई नहीं दिया। कार रोड के साथ लगते तालाब में जा गिरी। कार में फंसा रहने तथा पानी में डूबने के कारण जीवन राम की मौत हो गई। देर रात पुलिस को सूचना मिली। जिसके बाद कार को निकाला गया। शव को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

न्यूक्लियर साइंटिस्ट आर चिदंबरम का निधन, पोखरण परमाणु परीक्षण में निभाई थी अहम भूमिका

नई दिल्ली, 04 जनवरी (एजेंसी)। देश के वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक राजगोपाल चिदंबरम का निधन हो गया। वह 88 साल के थे, उन्होंने 1975 और 1998 के परमाणु परिक्षणों में अहम रोल प्ले किया। परमाणु ऊर्जा विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। अधिकारी ने बताया कि परमाणु हथियार कार्यक्रम से भी जुड़े रहे चिदंबरम ने सुबह तीन बजकर 20 मिनट पर मुंबई के जसलोक अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्होंने परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष और भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में कार्य किया था। चिदंबरम को 1975 और 1999 में पद्म श्री और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। एक वैज्ञानिक के रूप में अपने करियर में, डॉ. चिदंबरम ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के निदेशक, परमाणु ऊर्जा आयोग (एईसी) के अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के सचिव के रूप में काम किया। वह 1994-95 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष थे। डॉ. चिदम्बरम भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार भी रहे थे। डॉ. चिदम्बरम ने भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई - पोखरण-प्रथम (1975) और पोखरण-द्वितीय (1998) के लिए परीक्षण तैयारी की। परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल के समर्थक, उन्होंने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को गति दी। डॉ. चिदम्बरम को पद्म श्री (1975) और पद्म विभूषण (1999) सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

न तो हटाया गया और न ही संन्यास ले रहा हूंः रोहित

सिडनी, 4 जनवरी (वार्ता) भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पांचवें और निर्णायक टेस्ट मैच के लिए टीम से बाहर होने के बाद चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि वह न तो हटाये गये हैं और न ही उनका सन्यास का कोई इरादा है। अपने टेस्ट क्रिकेट भविष्य के बारे में रोहित ने शनिवार को एक साक्षात्कार के दौरान यह बातें कहीं। भारतीय कप्तान ने दृढ़ता से कहा कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की उनकी कोई योजना नहीं है। आस्ट्रेलियाा के खिलाफ पांचवें एवं निर्णायक टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय टीम से रोहित को बाहर किए जाने से ड्रेसिंग रूम में संभावित तनाव के बारे में मीडिया में अटकलें लगने लगीं थी जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर द्वारा मैच के लिए रोहित की उपलब्धता की पुष्टि करने से इंकार करने से इन अटकलों को हवा मिली थी। रोहित ने कहा कि उनका टीम से हटना पूरी तरह से स्वैच्छिक था और टीम की जरुरतों के मुताबिक था। उन्होंने कहा, '' यह संन्यास का फैसला नहीं है। मैं इस खेल से दूर नहीं जा रहा हूं। ऐसे महत्वपूर्ण मैच के लिए टीम को इन-फॉर्म खिलाड़ियों की जरूरत थी। '' उन्होंने भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे का जिक्र करते हुए कहा, '' इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मैं अब से दो महीने या पांच महीने बाद रन बनाऊंगा। मेरा मानना ??है कि चीजें बदल जाएंगी, लेकिन साथ ही, मुझे यथार्थवादी होना होगा।'' रोहित ने आलोचकों को सीधा जवाब देते हुये कहा '' बाहरी राय उनके करियर के फैसले तय नहीं करेगी। कमेंटरी बॉक्स में बैठे लोग या हाथ में लैपटॉप लेकर लिखने वाले लोग यह तय नहीं करेंगे कि मेरी जिदगी कैसे गुजरेगी। मैंने यह गेम काफी समय तक खेला है और यह मै तय करुंगा कि मैं कब खेलूंगा, कैसे खेलूंगा, कब कप्तानी करूंगा या कब पद छोडूंगा।'' एक पिता के रूप में अपनी जिम्मेदारियों की तुलना करते हुए रोहित ने कहा, '' मैं एक समझदार और परिपक्व व्यक्ति हूं, दो बच्चों का पिता हूं। मेरे पास दिमाग है और मैं जानता हूं कि मुझे अपने जीवन से क्या चाहिए।''